राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र

# स्वतंत्र चेतना

उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व नई दिल्ली से प्रकाशित

प्रयागराज
वर्ष 34,अंक 133
गुरुवार 23 जनवरी ,2025
पृष्ठ 12 ₹4.00

गोरखपुर , लखनऊ , प्रयागराज , कानपुर , नई दिल्ली , हरिद्वार , वाराणसी ,आजमगढ़ व अयोध्या से प्रकाशित

www.swatantrachetnanews.com




## अमृत स्नान के बाद आचमन करते योगी व उनके मंत्रिमंडल के मंत्री



### » स्नान के बाद मंत्रिमंडल के साथियों संग मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों की सुख समृद्धि की कामन की

**स्वतंत्र चेतना**

महाकुंभ नगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महाकुंभ के अवसर पर पतित पाविनी गंगा,श्यामल यमुना और अद्दश्य सरस्वती के संगम में अपने मंत्रिमंडल के साथियों के संग पवित्र डुबकी लगायी और प्रदेश के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद श्री योगी अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ संगम स्थली पहुंचे और पवित्र डुबकी लगायी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत सभी कैबिनेट मंत्री श्री योगी के साथ मौजूद थे। एक गोल घेरे में सभी ने संगम में डुबकी लगायी और सूर्य देवता को जल अर्पित किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री प्रफुल्लित नजर आये और सभी साथियों के संग जल क्रीड़ा भी की। उन्होने इस अवसर पर फोटोग्राफरों को भी निराश नहीं किया और उनके कहने पर विभिन्न कोणों से फोटो भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के स्नान के दौरान घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार वातावरण में भक्तिरस का समागम कर रहा था।

# योगी कैबिनेट का फैसलाः प्रयागराज बनेगा डेवलपमेंट रीजन,मिर्जापुर–प्रयागराज तक बनेगा एक्सप्रेस–वे

### » बागपत, हाथरस व कासगंज में मेडिकल कालेजों का होगा निर्माण

**स्वतंत्र चेतना**

महाकुंभनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में महाकुम्भ त्रिवेणी संकुल पर हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में जनहित के कई बड़े फैसले लिए गए। इसके तहत प्रयागराज रीजन डवलपमेंट की स्थापना होगी, जिसके तहत आसपास के जिलों को मिलाकर उनका सुनियोजित विकास कराया जाएगा। पश्चिमी क्षेत्र के बागपत, हाथरस और कासगंज जिलों में मेडिकल कालेजों का निर्माण होगा। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम अपने बांड जारी कर सकेंगे, जिससे निगमों की वित्तीय हालत में सुधार हो सकेगा। साथ ही मीरजापुर से प्रयागराज छह लेन का एक्सप्रेस–वे बनाया



जाएगा।

महाकुंभ में बुधवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में हुए फैसलों को बारे में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पीपीपी मोड पर बागपत, हाथरस और कासगंज में मेडिकल कालेजों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। जल्द ही उन पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बलरामपुर में अटल जी के नाम से केजीएमयू का सेंटर बनेगा। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम बांड जारी कर सकेंगे। अब तक लखनऊ और गाजियाबाद नगर निगम के लिए ही बांड जारी किये जा रहे हैं। प्रयागराज के लिए एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बांड जारी होगा। काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद काशी वैश्विक पटल पर छा रहा है।

उन्होंने बताया कि वाराणसी–विंध्य को एक डेवलेपमेंट रीजन बनाने की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया जायेगा। इससे यहां के न केवल पर्यटन की दृष्टि से यहां पर रोजगार के सृजन में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा। चित्रकूट और प्रयागराज को भी गंगा एक्सप्रेस के साथ जोड़ने की कार्यवाही हो रही है। प्रयागराज में यमुना नदी पर सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर एक नए पुल के निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति



मिली।

**एक्सप्रेस–वे का बिछेगा जाल**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस महाकुंभ को ध्यान में रखकर प्रयागराज के साथ—साथ इस पूरे क्षेत्र का सांस्कृतिक दृष्टि से विकास किया गया, वह प्रधानमंत्री का विजन है।गंगा एक्सप्रेस–वे प्रयागराज से मिजार्पुर और मिजार्पुर से संत रविदास नगर होते हुए काशी, चंदौली और गाजीपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे में जुडेगा। इसके अलावा वाराणसी और चंदौली से मिनी एक्सप्रेसवे सोनभद्र को जोड़ते हुए नेशनल एक्सप्रेस–वे से जोड़ा जाएगा।

**डिफेंस पालिसी नए सिरे से बनेगी**

मुख्यमंत्री ने बताया कि खासतौर पर प्रदेश के जो महत्वपूर्ण मामले हैं, उनमें डिफेंस से संबंधित जो पालिसी पर भी विचार हुआ है। मौजूदा डिफेंस पालिसी 2018 में बनी थी, उसे नये सिरे से बनाये जाने के बारे में चर्चा हुई है। साथ ही एफडीआई के अंतर्गत जो–जो निवेश प्रदेश में हुआ है, उस पर भी विचार हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### राहुल के मानहानि मामले में सुनवाई टली

**स्वतंत्र चेतना**

सुलतानपुर। रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में होने वाली सुनवाई अधिवक्ताओं के हड़ताल कारण टाल दी गई है। अब 30 जनवरी को इस पर सुनवाई होगी।

वादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बुधवार को बताया कि राहुल गांधी के मानहानि मामले में एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में हड़ताल के कारण सुनवाई 30 जनवरी तक के लिए टाल दी गई। मामले में बचाव पक्ष द्वारा परिवादी से शेष जिरह में विचाराधीन है।

### गैर–निवास क्रूज शिप संचालकों के लिए आयकर अधिनियम में संशोधन अधिसूचित

**स्वतंत्र चेतना**

नयी दिल्ली। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गैर–निवासी क्रूज शिप संचालकों के लिए प्रकल्पित कराधान व्यवस्था की प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शर्तें निर्धारित करने के लिए आयकर अधिनियम, 1962 में संशोधन को अधिसूचित किया है।

निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के उपाय के रूप में, वित्त अधिनियम, 2024 ने अन्य बातों के साथ–साथ क्रूज जहाजों के संचालन के व्यवसाय में लगे गैर–निवासियों के लिए एक प्रकल्पित कराधान व्यवस्था प्रदान की गयी।

### त्रिपुरा में हथियार व गोला बारूद के साथ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**स्वतंत्र चेतना**

अगरतला। त्रिपुरा पुलिस ने बुधवार तड़के एक अभियान में अगरतला के मिलन चक्र क्षेत्र में एक किराए के मकान से एक बंगलादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। वह पिछले छह महीने से अपनी पहचान छुपाकर वहां रह रहा था।

# पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह,कूदे यात्री,11 मरे

### » 40 घायल,आग की अफवाह से ट्रेन से कूदने के दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही ट्रेन की चपेट में आ गये यात्री, मुख्यमंत्री योगी ने हादसे पर जताया दुःख

**स्वतंत्र चेतना**

जलगांव। महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। पचोरा के पारधाड़े स्टेशन के पास पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने चेन



पुलिंग की और ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। इसके बाद यात्री दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में 11 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि करीब 40 लोग घायल हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन का कहना है कि जलगांव जिले के कलेक्टर के मुताबिक हादसे में 10 से 12 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं रेलवे के डिवीजनल कमिश्नर प्रवीण गेदम ने बताया कि हादसे में 11 यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुष्पक ट्रेन हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों के लिए पर्याप्त चिकित्सा उपचार के आदेश दिए हैं, साथ ही यात्रियों की मौत पर भी शोक व्यक्त किया है।

मध्य रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच में आग लगने की अफवाह के बाद पचोरा के पारधाड़े स्टेशन के पास चेन पुलिंग की गई। ट्रेन रुकने से पहले अफरातफरी में यात्रियों ने उतरना शुरू कर दिया। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने कहा कि पुष्पक एक्सप्रेस के कुछ यात्री नीचे उतर गए और सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। मंडल रेल प्रबंधक भुसावल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। रेलवे की मेडिकल टीम, रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर और स्थानीय प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि शुरूआती जानकारी के मुताबिक पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर हॉट एक्सल या ब्रेक–बाइंडिंग के कारण चिंगारी उठी और कुछ यात्री घबरा गए।

## सुप्रीमकोर्ट ने मथुरा में शाही ईदगाह के सर्वे पर रोक बढ़ाई,सुनवाई अब अप्रैल में

**स्वतंत्र चेतना**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अपनी रोक बढ़ा दी, जिसमें मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण की अनुमति दी गई थी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि यह परिसर कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के निकट स्थित है, जो हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक महत्व का स्थल है। वह मस्जिद परिसर के अदालत की निगरानी वाले सर्वेक्षण के खिलाफ ट्रस्ट प्रबंधन समिति शाही मस्जिद ईदगाह की याचिका पर सुनवाई 1

## महाकुंभ अग्निकांड:10 हिरासत में 117 से पूछताछ

### » एनआईए–एटीएस के रडार पर 1000 संदिग्ध,इनमें 90 प्रतिशत गैर हिन्दू

**स्वतंत्र चेतना**

वाराणसी। प्रयागराज महाकुंभ मेले में 19 जनवरी को लगी आग की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है। इसके बाद यूपी एनआईए और एटीएस अलर्ट हो गई हैं। अब एजेंसियां अग्निकांड में आतंकी कनेक्शन तलाश रही हैं।

एजेंसियों ने 1000 संदिग्ध लोगों का मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया अकाउंट ट्रेस किया है। सबको नोटिस भी भेजा है। इनमें से 117 लोगों से पूछताछ हो चुकी है। ये सभी घटना के वक्त महाकुंभ के आसपास मौजूद थे। इनमें से 90 फीसदी लोग गैर हिंदू समुदाय के हैं।

सूत्रों के मुताबिक, एटीएस ने वाराणसी से 10 लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि इसकी ऑफिशियल पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा, एटीएस ने मेला क्षेत्र के 600 उउळश खंगाले हैं। इन फुटेज को फिल्टर किया है। इसमें कुछ संदिग्ध दिखाई दिए हैं। इनकी शिनाख्त के लिए 8 टीमों को लगाया गया है। अळर ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार जैसे कई राज्यों की पुलिस को संदिग्धों के इनपुट भेजे हैं।

एटीएस की आईटी विंग ने सोशल मीडिया पर प्रयागराज, महाकुंभ और गैर–हिंदू समुदाय के टाइटल डालकर सर्च किया। इस दौरान ऐसे 1000 लोग सामने आए, जिन्होंने 19 जनवरी को कुंभ क्षेत्र के वीडियो पोस्ट किए। कुंभ की लोकेशन बताई और वहां होने वाली गतिविधियां दिखाईं।

इसी आधार पर प्रदेशभर में ऐसे लोगों को नोटिस भेजा जा रहा है। अलग–अलग जिलों में एटीएस इन लोगों से पूछताछ कर रही है। जिनसे पूछताछ हो चुकी है, उन्हें शहर न छोड़ने को कहा गया है। किसी प्रकार की संदिग्धता होने पर उन्हें फिर से बुलाया जाएगा।

वाराणसी एटीएस ने जैतपुरा के अमानतुल्लाह निवासी ठरवक नेता शाहिद जमाल के पुत्र सिराजुद्दीन को नोटिस जारी किया था। सोमवार को उसे अशोक विहार कॉलोनी स्थित एटीएस कार्यालय बुलाया। उससे तीन घंटे तक पूछताछ की गई। सिराजुद्दीन 19 जनवरी को महाकुंभ मेला क्षेत्र में था। सोशल मीडिया पर लाइव होकर वहां के बारे में जानकारी दी थी।

आतंकवादी संगठन के दावे पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा–आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## मोदी कैबिनेट का फैसला

# जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 315 रु.बढ़ा

### » 315 रु. की वृद्धि के साथ एमएसपी 5660 रु. किया गया एक अन्य फैसले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का विस्तार 5 वर्ष बढ़ा

**स्वतंत्र चेतना**

नयी दिल्ली। सरकार ने वर्ष 2025–26 के लिए जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 315 रुपए बढाकर 5650 रुपए प्रति क्विंटल करने का निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।




केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोतरी से उत्पादन पर 66 .8 प्रतिशत का मुनाफा सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014–15 में जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपए प्रति क्विंटल था जो अब 5650 रुपए पहुंच चुका है जो क 2 .35 गुना की बढोतरी है।

उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पश्चिम बंगाल, असम और बिहार जैसे राज्यों को विशेष रूप से फायदा होगा।

सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2014–15 से 2024–25 की अवधि के दौरान जूट उत्पादक किसानों को दी गई एमएसपी राशि 1300 करोड़ रुपये है जबकि वर्ष 2004–05 से 2013–14 की अवधि के दौरान दी गई राशि 441 करोड़ रुपये थी।


देश में 40 लाख किसान परिवारों की आजीविका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जूट उद्योग पर निर्भर करती है। लगभग 4 लाख श्रमिकों को जूट मिलों और जूट के व्यापार में प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। पिछले वर्ष 1 लाख 70 हजार किसानों से जूट खरीदा गया था। देश में 82 प्रतिशत जूट किसान पश्चिम बंगाल के हैं, जबकि शेष असम और बिहार में हैं और जूट उत्पादन में इनकी 9–9 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

भारतीय जूट निगम मूल्य समर्थन संचालन करने के लिए केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है और ऐसे संचालन में होने वाले नुकसान, यदि कोई हो, की पूरी भरपाई केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी।

सरकार ने देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को पांच वर्ष तक विस्तार देने का फैसला किया है।

मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक के बाद मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं के दायरे को बढ़ाने और स्वास्थ्य सुविधाओं के बुनियादी ढांचे का मजबूत करने में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह मिशन वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि इस मिशन से सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में सहायता मिली है। उन्होंने बताया कि मिशन के आवंटन की घोषणा आगामी बजट में की जाएगी।



# रेल राज्यमंत्री ने प्रयागराज जंक्शन पर महाकुंभ की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

प्रयागराज। बुधवार को केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर महाकुंभ -2025 के लिए किए गए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया । इस अवसर पर महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, उपेन्द्र चंद्र जोशी एवं मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, हिमांशु बडोनी उनके साथ थे ।

केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन कक्ष, यात्री आश्रय एवं मेला टॉवर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान यात्री आश्रय में श्रद्धालुओं से भी बातचीत कर उनका हालचाल पूछा एवं श्रद्धालुओं को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 22 भाषाओं में तैयार किए गये लीफलेट की प्रशंसा की । केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने निरीक्षण के उपरांत मेला टॉवर में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को संबोधित किया । प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि मकर संक्रांति पर्व पर रिकार्ड 148 विशेष ट्रेनें चलाई गईं । मौनी अमावस्या के दिन 150 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की योजना है एवं मौनी अमावस्या पर 01 दिन पूर्व से 02 दिन बाद तक कुल 400 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी । यात्रियों की सुविधा के लिए कुंभ विशेष ट्रेनें चलाने के लिए करीब 200 रेक उपलब्ध कराए गए हैं । महाकुंभ-2025 के दौरान बेहतर व्यवस्थाओं के लिए अन्य क्षेत्रीय रेलवे से 10,000 से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है एवं स्टेशनों पर करीब 10,000 राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेल सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया है। वी. सोमन्ना ने प्रेस वार्ता के दौरान यह भी कहा कि महाकुंभ -2025 मे राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के डबल इंजन ने अभूतपूर्व सुविधाएं उपलब्ध करायी हैं। विश्व स्तर का यह भव्य आयोजन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमन्त्री के कुशल नेतृत्व में आयोजित हो रहा है, जिसके लिए पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है । उन्होंने रेल की अभूतपूर्व व्यवस्था के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी धन्यवाद दिया। मीडिया के द्वारा कर्नाटक के सबसे बड़े उत्सव पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने कहा कि कर्नाटक में दशहरा एक दिन का होता है और यहाँ दशहरा हर दिन मनाया जा रहा है । केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं





जल शक्ति ने कहा कि स्टेशनों पर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं । रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ मिलकर कार्य कर रहे हैं।

महाकुंभ -2025 के दौरान 3000 स्पेशल गाडियाँ सहित 13000 से अधिक रेल गाडियाँ चलायी जाएंगी जबकि गत कुम्भ मेला में 7000 गाड़ियों का संचालन किया गया था । प्रयागराज जंक्शन पर निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने यात्री सेवा एवं यात्री हितों की दिशा में किए जा रहे सभी रेल कार्यों तथा निमार्णाधीन परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए । यात्री आश्रयों में कलर कोडिंग, साइनेज, खानपान, प्रकाश, पेयजल, चिकत्सा बूथ, जन सुविधाएँ, सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से देखा । महाकुंभ -2025 के दौरान स्टेशन पर यात्रियों के प्रवेश और निकास योजना पर जानकारी के साथ स्टेशन पर यात्रियों को दिशावार यात्रानुसार गेट से प्रवेश से लेकर गाड़ी तक भेजने की व्यवस्था, यात्रियों को टिकट काउंटर पर भेजना, यात्रियों को टिकट उपलब्ध करवाना, गाड़ियों की जानकारी देना, भीड़ को नियंत्रित करना, यात्रियों के प्लेटफॉर्म पर पहुँचने पर उन्हें सुरक्षित रूप से गाड़ी के अंदर भेजना और गाड़ी में पर्याप्त यात्री हो जाने पर गाड़ी को प्रस्थान करवाने के लिए प्लेटफार्म से कंट्रोल टावर को सूचना भेजना और अन्य विभागों से समन्वय की कार्यप्रणाली पर भी जानकारी ली और इस दिशावार व्यवस्था की तारीफ की।

# उपनगरीय यात्रियों के लिए सुरक्षा बढ़ाने की दिशा मे हुई प्रगति

## उपनगरीय रेलवे नेटवर्क में सुरक्षा बढ़ाना : नवाचार और चुनौतियाँ

प्रयागराज । उपनगरीय रेलवे सिस्टम, जिसे अक्सर महानगरों की जीवन रेखा कहा जाता है, प्रतिदिन लाखों यात्रियों को सेवा प्रदान करता है और शहरी संपर्क की रीढ़ है। हालाँकि, इन नेटवर्कों का विशाल आकार और जटिलता महत्वपूर्ण सुरक्षा और संरक्षा चुनौतियाँ पेश करती है। उदाहरण के लिए, दुनिया के सबसे व्यस्ततम में से एक मुंबई उपनगरीय रेलवे नेटवर्क, प्रतिदिन 7 मिलियन से अधिक यात्रियों को ले जाता है, जिससे इसके सुरक्षा संचालन अत्यधिक मांग वाले हो जाते हैं। इन मुद्दों को संबोधित करने में सबसे आगे रेलवे सुरक्षा बल है, जो यात्रियों और रेलवे के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध एक विशेष इकाई है। जबकि चुनौतियाँ बहुत बड़ी हैं, की अभिनव रणनीतियों और उन्नत तकनीकों को अपनाने से हमारे उपनगरीय यात्रियों के लिए सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में सराहनीय प्रगति हुई है।

प्राथमिक चुनौती उपनगरीय रेलवे प्रणाली की अत्यधिक सघनता में निहित है। मुंबई के उपनगरीय रेलवे नेटवर्क में पश्चिमी रेलवे पर लगभग 35 लाख यात्री और मध्य रेलवे पर 37 लाख से अधिक यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं। इस स्तर की गतिविधि एक ऐसा वातावरण बनाती है जहाँ भीड़भाड़ अपरिहार्य है, खासकर पीक-ऑवर्स के दौरान। भीड़भाड़ वाली ट्रेनें और भीड़भाड़ वाले प्लेटफॉर्म न केवल असुविधाजनक हैं; वे जेबकतरी, चेन स्नैचिंग और उत्पीड़न जैसे छोटे-मोटे अपराधों के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करते हैं। इसके अतिरिक्त, यात्रियों के कीमती सामान छीनने के लिए धीमी गति से चलने वाली ट्रेनों का फायदा उठाने वाले फटका गिरोहों से जुड़ी घटनाएं समस्या को और बढ़ा देती हैं, जिससे अक्सर यात्री चलती ट्रेन से गिरकर घायल हो जाते हैं या उनकी मृत्यु हो जाती है।

महिला यात्रियों के लिए जोखिम और भी बढ़ जाता है। महिलाओं के लिए बने डिब्बों में भी भीड़भाड़ की स्थिति में अक्सर उत्पीड़न, जेबकतरी और भावनात्मक संकट की घटनाएं होती हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए न केवल सतर्क निगरानी की आवश्यकता है, बल्कि भीड़भाड़ और अपर्याप्त स्थान के व्यापक मुद्दों को हल करने के लिए एक व्यवस्थित प्रयास की भी आवश्यकता है। 2024 में, महिलाओं के डिब्बों में यात्रा करने वाले 13,000 से अधिक अपराधियों को पकड़ा गया और मुंबई उपनगरीय खंड में 29 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला गया।

आतंकवाद का लगातार खतरा एक और चिंता का विषय है। उपनगरीय रेलवे सिस्टम अपनी खुली पहुँच और यात्रियों की अधिक संख्या के कारण कमजोर हैं। 2006 में मुंबई ट्रेन बम विस्फोट ऐसे हमलों की भयावह क्षमता की एक गंभीर याद दिलाता है। डिजिटल युग में अपराध की बदलती प्रकृति मामले को और जटिल बनाती है। टिकटिंग सिस्टम को निशाना बनाकर किए जाने वाले साइबर हमले, हिंसा भड़काने के लिए सोशल मीडिया का दुरुपयोग और अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल, सभी गतिशील और बहुआयामी सुरक्षा प्रतिक्रियाओं की मांग करते हैं। अतिक्रमण और अप्रिय घटनाएँ एक और महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती हैं। शहरी क्षेत्रों में जहाँ रेलवे ट्रैक आवासीय क्षेत्रों को काटते हैं, वहाँ कई लोग ट्रैक पार करने या प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करने का सहारा लेते हैं।

## नर्वदेश्वर महादेव मंदिर मुट्ठीगंज में हुआ श्रंगार दर्शन एवं विशाल भंडारा



प्रयागराज । श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के प्रथम वर्षगांठ पर मुट्ठीगंज स्थित प्राचीन नर्वदेश्वर मंदिर का हुआ भव्य श्रृंगार दर्शन और किया गया प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर 2100 दीपों की ज्योति से भगवान श्री राम जी की आरती की गई कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राम किशुन केसरवानी एवं संचालन राजेश केसरवानी ने किया इस अवसर हजारों भक्तों ने भगवान श्री राम का एवं नर्वदेश्वर महादेव का दर्शन किया

## श्री पंच कोसी यात्रा में महापौर ने किया साधू संतों का अभिनंदन

प्रयागराज। श्री पंचकोशी कोसी यात्रा में पधारे पूज्य साधु संत महात्माओं का महापौर गणेश केसरवानी ने प्राचीन श्री राम मंदिर कीडगंज चौराहे पर पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया एवं पूज्य संतों का चरण वंदन किया इस अवसर अखाड़े के महामंत्री पूज्य हरि गिरि महाराज सहित सभी संतो ने भगवान श्री राम का दर्शन एवं आरती किया इस अवसर श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण प्राप्त प्रतिष्ठा के प्रथम अवसर पर भंडारे प्रसाद का आयोजन किया गया

इस अवसर पर मनीष केसरवानी, राजेश केसरवानी प्रमोद मोदी, पदुम जायसवाल विवेक अग्रवाल,मनोज मिश्रा, सुशील जैन चंद्र शेखर वैश्य अजय अग्रहरि आदि सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।



## इविवि के विरुद्ध गलत तथ्यों पर दाखिल याचिका दो हजार रुपये हजार्ने के साथ खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इविवि प्रयागराज के विरुद्ध गलत तथ्यों पर आधारित याचिका दाखिल करने वाले पल दो हजार रुपये हजार्ना लगाया है ।और याचिका वापस करते हुए खारिज कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने सुमन लता की याचिका पर दिया। याची ने यह याचिका अपनी अनुकम्पा नियुक्ति को लेकर दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान इविवि की ओर से कहा गया कि याची ने न्यायालय के समक्ष पूरी ईमानदारी से अपना पक्ष नहीं रखा है। इस पर याची के अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने की प्रार्थना की।

## स्वाधीन भारत निर्माण के सैन्य क्रांति के प्रकाश थे सुभाष - राजेश केसरवानी

प्रयागराज । अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप प्रयागराज के तत्वाधान में मां भारती के अमर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 128 वीं जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर और महान क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह की 1330वीं जन्म जयंती पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पार्क मुट्ठीगंज में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने कहा कि स्वाधीन भारत के निर्माण में सुभाष चंद्र बोस पराक्रम एवं उनका समर्पण मां भारती की आजादी के प्रति रहा उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर देश की आजादी के लिए सैन्य क्रांति के बल पर अंग्रेजी शासन की नींव को हिला कर दिया उनके द्वारा दिल्ली चलो का नारा, एवं तुम मुझे खून दो मै तुम्हें आजादी दूंगा का नारा इस देश को नौजवानों को राष्ट्र की आजादी के प्रति प्रेरित किया इस अवसर उन्होंने क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह के जीवन पर भी प्रकाश डाला कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी रहे

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी रहे श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में, शत्रुघ्न जायसवाल ,सुशील जैन, सिपाही लाल ,अजय अग्रहरि, किशन चंद्र जायसवाल, नीरज केसरवानी,पद्माकर श्रीवास्तव श्रेष्ठ जायसवाल, आदि रह

## शंकराचार्य ने पुस्तक कुम्भ पर्व और नागा सम्प्रदाय का किया लोकार्पण

प्रयागराज। बुधवार को श्रीमद् आर्यावर्त विद्वत परिषद् के तत्वावधान में कुम्भमेला प्रयाग स्थित द्वारिका शारदा पीठ के सभागार में सुप्रतिष्ठित विद्वान साहित्य मनीषी डाक्टर रामजी मिश्र की पुस्तक कुम्भ पर्व और नागा सम्प्रदाय का लोकार्पण द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अनन्त श्रीविभूषित स्वामी सदानन्द सरस्वती जी महाराज के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूज्य महाराज ने कहा कि अनन्त ज्ञान राशि को वेद कहते हैं। वेद अपौरुषेय हैं। वेदों में कुम्भ शब्द आया है। पुराणों में समुद्र मंथन की कथा का वर्णन है। वहीं पर कुम्भ पर्व का उल्लेख है। प्रयाग ब्रह्मा की यज्ञ वेदी है। यहाँ इस वर्ष कुम्भ का आयोजन हुआ है। भगवान शंकराचार्य ने अखाड़ों की स्थापना की। इन सबको आधार बनाकर डाक्टर रामजी मिश्र ने



यह ग्रन्थ लिखा है। मैं इन्हें आशीर्वचन प्रदान करता हूँ। डा रामजी मिश्र ने पुस्तक के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डा एस के पाण्डेय पूर्व आईएएस, विनय श्रीवास्तव, ओम श्रीवास्तव, अभिनव प्रज्ञ पाण्डेय, श्रीमती जया मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## हजरत शहीद मर्द शाह बाबा के उर्स पर चादरपोशी के साथ कव्वालों ने सजाई सूफीयाना महफिल

प्रयागराज । दायरा शाह अजमल में लसौड़े शाह बाबा के नाम से मशहूर हजरत शहीद मर्द शाह बाबा का उर्स अकीदत व ऐहतेराम के साथ मनाया गया। इस्लामिक माह रजब उल मुरज्जब की इक्कीसवीं को जहां बाबा की मजार पर जायरीनों की आमद रही वहीं अकीदतमन्दों ने मजार शरीफ का गुस्ल संदल व चादरपोशी कर मन्नत व मुरादें मांगी ।कव्वालों ने जहां पैगम्बरे इस्लाम की शान में एक से बढ़ कर एक कव्वाली पेश की वहीं मनकुन्तो मौला व इमाम हसन और इमाम हुसैन के वसीले से भी कव्वाली सुना कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया ।आबिद नियाजी की ओर से जायरीनों को लंगर वितरित किया गया ।मजार को आकर्षक झालरों से सजाया गया था।

## बाजे रे मुरलिया से गंगा पंडाल को प्रतिभा ने सुमधुर किया

महाकुम्भ ।प्रयागराज सनातन संस्कृति को अभिलक्षित करने के लिए सर्वोत्तम समय है। महाकुम्भ भारत की संभावित आकांक्षाओं को पूर्ण करने का माध्यम है। सम्पूर्ण विश्व, सभी देव इस समय का का प्रतीक्षित रहे। 22 जनवरी को गंगा पंडाल शिव भक्ति एवं मां गंगा के भजनों से सराबोर रहा। आज का भारतीय संस्कृति में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि आज ही के दिन अयोध्या में सभी सनातनियों की अनन्य प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्री राम की नव निर्मित मंदिर में उनकी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। कार्यक्रम की पहली कड़ी में डॉ० कुमार विश्वास ने अपने अपने रामइ के ऊर्जा सत्र के समाहार दिवस पर राघवेंद्र सरकार के महात्म्य का गुणगान करते हुए लोगों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने राम प्रतिष्ठा समारोह की वर्षगांठ पर सभी सनातनियों को शुभकामनाएं दी। आज डॉ० विश्वास ने अपनी रामकथा में माता कैकयी के मन के भावों से दर्शकों को भावुक कर दिया। अन्य प्रसंगों में उन्होंने अंजनिपुत्र हनुमान को संदर्भित करते हुए कहा कि उनमें प्रतिभा, प्रतिबद्धता और समर्पण का सर्वोत्तम अनुपात है। उन्होंने प्रभु श्री राम के कृपा पात्र केवट का भी प्रसंग सुनाया।

### कथा कथन पद्धति पर आधारित कथक नृत्य से राजश्री शिरके ने रोमांचित किया -डॉ० कुमार के गीतों से विभोर हुआ मंच

कार्यक्रम की अगली कड़ी श्रीमती मधुलिता सारंग एवं पद्मभूषण डॉ० कनक रेढे की शिष्या एवं संगीत नाटक अकादमी से पुरस्कृत राजश्री शिकरे ने अपने दल के साथ अपनी प्रस्तुति शिव आराधना से की। कथा कहे सो कथिक कहावे। राजश्री शिरके कथक एवं भरतनाट्यम की एक प्रसिद्ध कलाकार हैं। अगले कार्यक्रम में उन्होंने रावण मंदोदरी संवाद में लंका की महारानी मंदोदरी के सत्य पर नृत्य नाटिका



की। उनकी यह प्रस्तुति प्राचीन समय में मंदिरों की कथा कथन पद्धति पर आधारित थी। पूर्व कालीन मंदिरों चली आ रही परंपरा को जागृत करने तथा प्रचारित व प्रसारित करने के लिए उन्होंने कथक माध्यम से इस पद्धति को चुना। रावण मंदोदरी संवाद में ऐसे कई रोचक पल आये जब दर्शक रोमांचित हुए। ध्वनि एवं प्रकाश का अदभुत संकलन से कार्यक्रम ने अपनी ऊंचाइयों को छुआ। कार्यक्रम की अंतिम चरण में मुम्बई की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका प्रतिभा सिंह बघेल ने अपने सुमधुर भजनों से पूरे गंगा पंडाल को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभा सिंह बघेल का नाम उभरती हुई गायिका व शास्त्रीय गायन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने सर्वप्रथम प्रभु श्री राम की पहली वर्षगांठ पर सभी को बधाई दी। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरूआत लोकप्रिय गीत सत्यम शिवम सुंदरम से की। उनके गाने की मिठास ने पूरे पंडाल को मधुर रस में भिगो दिया। शास्त्रीय तर्ज पर उनके गाये अन्य गीत बाजे रे मुरलिया को सभी श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। उन्होंने जमाई राजा राम मिला, सलोना सा बाल गोपाल जैसे गीतों का दर्शकों का तालियों के माध्यम से अभिवादन मिला।

## राम मन्दिर आन्दोलन के साथ पूरे सनातन के लिए गोरक्षपीठ का योगदान सराहनीय, स्वामी कैलाशानन्द

प्रयागराज ।भारत विकास परिषद एवं ब्लासम इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में इराम मंदिर आंदोलन और गोरक्षनाथ पीठइ पर एक संगोष्ठी का आयोजन कुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 6 स्थित नेत्र कुंभ शिविर में संपन्नहुआ ।इस अवसर पर निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कैलशानंद गिरी महाराज ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के साथ साथ पूरे सनातन के लिए गोरखनाथ पीठ का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने बताया कि वह स्वयं कारसेवा में प्रतिभाग किये थे और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने थे। भारत विकास परिषद के संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल ने कहा की यह संयोग ही है कि भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोरखनाथ पीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ थे। जाने माने इतिहासकार डॉ जितेंद्र सिंह जी ने राम मंदिर आंदोलन के इतिहास के बारे में बताया। कार्यक्रम आयोजक एवं ब्लॉसम इंडिया फाउंडेशन के निदेशक शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि

### राम मंदिर आंदोलन और गोरक्षपीठ मे हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

गोरखनाथ पीठ ही थी जिसकी 6 पीढ़ियां ने राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई जिसका परिणाम यह निकला की जब गोरखनाथ पीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तब राम मंदिर आंदोलन में भाग लेने वाले एक-एक राम भक्त का सपना साकार हुआ और अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने अपने गुरु अवैद्यनाथ और दादा गुरु महंत दिग्विजय नाथ के पद चिन्हों पर चलकर इस आंदोलन को न केवल सड़क पर जबकि संसद में भी लडा।

ज्ञात हो कि शिक्षाविद् शशि प्रकाश सिंह द्वारा गोरखनाथ पीठ की 6 पीढ़ियां के द्वारा राम मंदिर के लिए किए गए संघर्ष पर एक शोध परक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया गया है जिसमें यह दिखाया गया है कि भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के भी काफी पहले से गोरक्षनाथ पीठ ने राम मंदिर के लिए संघर्ष शुरू कर दिया था। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर शशि प्रकाश सिंह का कहना है कि वह इस तरह के कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया करेंगे।

## संतों को वितरित किए दोना-पत्तल

प्रयागराज। स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में मेला प्राधिकरण ने मंगलवार को अखाड़ों में संतों को दोना-पत्तल वितरित किए। सेक्टर-20 में मेडिकल अफसर डॉ. नीरज और उप जिलाधिकारी मेला शुभम श्रीवास्तव के नेतृत्व में नया उदासीन और अग्नि अखाड़े में संतों को हजार-हजार दोना-पत्तल दिए गए। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से महाकुम्भ को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने की अपील की। गौरतलब है कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया है।

## साध्वी ऋतम्भरा और देवकीनंदन ठाकुर ने भव्य महाकुम्भ के लिए सीएम योगी के प्रयासो को सराहा

प्रयागराज। महाकुम्भ 2025 को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार और प्रशासन की तैयारियों की हर ओर तारीफ हो रही है। साध्वी ऋतम्भरा, देवकीनंदन ठाकुर और अन्य धार्मिक हस्तियों ने व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा जी ने कहा कि तीर्थराज प्रयाग में पूर्ण महाकुम्भ के इस अद्वितीय एवं अलौकिक पर्व को लेकर संपूर्ण सनातन जगत में भारी उत्साह और आनंद है। उन्होंने बताया कि इस महाकुम्भ में पूरे यूरोप जितनी जनसंख्या का भव्य आगमन हो रहा है और उनकी व्यवस्था का सुचारू रूप से होना अत्यंत अद्भुत अनुभव है। साथ ही, उन्होंने महाकुम्भ की सुंदर व्यवस्थाओं के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को साधुवाद दिया ।प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां आकर ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे अपने घर की देखभाल कोई अपना ही व्यक्ति कर रहा हो। उन्होंने कहा कि यहां की व्यवस्थाएं अत्यंत अद्भुत और अवर्णनीय हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तम व्यवस्थाओं के कारण करोड़ों श्रद्धालु निर्विघ्न संगम में स्नान कर रहे हैं।



## मनुष्य को मनुष्य बनाना सबसे बड़ा मानवीय मूल्य- प्रो. झा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को बदलते शैक्षिक परिदृश्य में मानवीय मूल्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के बीज वक्ता प्रोफेसर अरविंद कुमार झा, आचार्य, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने कहा कि कर्म से बढ़कर कोई मूल्य नहीं है। मानव में जो मानवीयता है उसका मूल्य एक होगा। मनुष्य को मनुष्य बनाना सबसे बड़ा मानवीय मूल्य है। प्रोफेसर झा ने मानव मूल्य एवं मानवीय मूल्यों को रेखांकित किया। उन्होंने विभिन्न विद्वानों के विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि मस्तिष्क का विकास सिर के अंदर होता है जबकि एक अन्य विचारक के अनुसार मस्तिष्क का विकास वातावरण एवं उसके अनुभव द्वारा होता है। उन्होंने गणितीय दृष्टिकोण से मूल्यों को उद्घाटित किया।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर पी के साहू, पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने मूल्यों की व्याख्या की तथा कौशल आधारित मूल्य एवं दक्षता की बात करते हुए विभिन्न दृष्टांत तथा उदाहरण के द्वारा मानवीय मूल्यों को रेखांकित किया। उन्होंने मूल्यों के व्यापरीकरण की शिक्षा पर चिंता जाहिर करते हुए सापेक्षिक मूल्य एवं दंड विधान की भी व्याख्या की।

राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर सत्यकाम, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने शिक्षा में मूल्यों को बढ़ावा देने हेतु उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में गीता सार एवं कुम्भ अध्ययन जैसे साहित्य को जोड़ने का संकल्प लिया। प्रोफेसर सत्यकाम ने शिक्षा एवं मूल्य की बिल्कुल नई अवधारणा दंड की विषद चर्चा की तथा दक्षिण भारत में शिक्षा के प्रचलित अर्थों में दंड की अवधारणा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भोजपुरी में भी शिक्षा का अर्थ दंड के रूप में प्रचलित है ।राष्ट्रीय संगोष्ठी का संचालन प्रो. छत्रसाल सिंह ने किया। शिक्षा विभाग के निदेशक प्रोफेसर पी.के. स्टालिन ने अतिथियों का वाचिक परिचय एवं स्वागत किया। आयोजन सचिव डॉ बाल गोविंद सिंह ने संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा आभार ज्ञापन डॉ. दिनेश सिंह, सह आचार्य, शिक्षा विद्याशाखा ने किया।

## देश की कला-संस्कृति को एक छत के नीचे सजीवता से प्रदर्शित करने के हमारे उद्देश्य- गजेंद्र सिंह शेखावत

प्रयागराज। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में संस्कृति मंत्रालय की ओर से बनाए बनाए गए सांस्कृतिक गांव कलाग्राम का बुधवार को भ्रमण किया। बुधवार को शाम

### जनता-जनार्दन का आशीर्वाद मिलना पूरी टीम के लिए हर्ष का विषय केंद्र के प्रभारी निदेशक आशिस गिरि ने किया हार्दिक स्वागत

को 6 बजे पुन: कलाग्राम पहुंचे पर्यटन मंत्री का केंद्र के प्रभारी निदेशक ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राष्ट्रीय अभिलेखागार, राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा स्थापित अविरल शाश्वत कुंभ (प्रदर्शनी क्षेत्र) एवं कलाकृतियों को देखा तथा विभिन्न राज्यों प्रस्तुति देने आए कलाकारों से बातचीत किया और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के रंगमंडल समूह द्वारा चितरंजन त्रिपाठी के निर्देशन में मंचित नाटक समुद्र मंथन को देखा। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि देश की कला-संस्कृति को एक छत के नीचे सजीवता से प्रदर्शित करने के हमारे उद्देश्य को जनता-जनार्दन का आशीर्वाद मिलना पूरी टीम के लिए हर्ष का विषय है। महाकुंभ प्रयागराज में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की प्रस्तुति कलाग्राम को श्रद्धालुओं और पर्यटकों से सराहना मिल रही है।

वही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दसवें दिन विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब रोमांचित किया। कार्यक्रम की शुरूआत जम्मू कश्मीर से आए खेमराज एवं दल द्वारा फसल की कटाई के दौरान ढोल, बांसुरी, कायल, शहनाई की धुन पर के फाग नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब रोमांचित किया। कंवलजीत सिंह एवं साथी कलाकारों द्वारा झूमर नृत्य की प्रस्तुति देकर पंजाब के लोककथाओं और ऐतिहासिक घटनाओं का जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इसके अलावा झूंसी में बने





हर्ष और उल्लास के साथ कुड नृत्य की प्रस्तुति पर दर्शक उनके साथ नृत्य करते नजर आए। इसके बाद हिमाचल प्रदेश से आए प्रेम चन्द्र बाउली और साथी कलाकारों ने शादी-विवाह, मेला, त्यौहारों जैसे उत्सवों पर किया जाने वाला नृत्य सिरमौर नाटी की प्रस्तुति दी। इसके बाद असम के बापू जी कनवार व दल द्वारा बिहू नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। सुरेन्द्र सिंह एवं दल ने पारंपरिक गीतों और तालों के साथ हरियाणा सांस्कृतिक मंच पर यश मिश्रा के निर्देशन में नाटक शबरी की प्रतिक्षा का मंचन हुआ। आसिफ अली द्वारा लिखित नाटक ह्यसमुद्र मंथन का मंचन चित्तरंजन त्रिपाठी के निर्देशन में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली के कलाकारों ने शानदार अभिनय करके दर्शकों को अभिभूत किया। यह नाटक देवों और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मथन की पौराणिक कथा का जीवंत रूप प्रस्तुत करता है।

## नई याचिका दायर करने का निर्देश

प्रयागराज । न्यायालय का आदेश: याचिकाकर्ता को अनुमति दी गई कि वह बेहतर विवरण के साथ नई याचिका दायर कर सकती हैं। प्रतिवादी पक्ष ने इस निवेदन पर कोई आपत्ति नहीं जताई।

न्यायालय ने याचिका को वापस लेने की अनुमति प्रदान करते हुए इसे खारिज कर दिया। साथ ही, याचिकाकर्ता पर 2,000 रुपये का जुमार्ना लगाया, जो इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन में जमा किया जाएगा ।यह आदेश न्यायालय ने यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिया कि याचिकाकर्ता अपनी याचिका में सभी आवश्यक तथ्यों और विवरणों को सही ढंग से प्रस्तुत करें।

# प्रयागराज को मिला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उपहार

प्रयागराज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में, प्रयागराज को शहरी विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक सौगात मिली है। प्रदेश के ऊर्जा

### 100 करोड़ रुपये की लागत से नैनी क्षेत्र में होगा निर्माण

एवं शहरी विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि आज प्रयागराज की पावन धरा पर हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री जी ने शहर में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के निर्माण की घोषणा की है।

एके शर्मा, जिन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अपने छात्र जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष बिताए, ने कहा, प्रयागराज जैसे तेजी से बढ़ते शैक्षणिक, साहित्यिक और पर्यटन केंद्र में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नैनी क्षेत्र में 100



करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह हॉस्पिटल न केवल आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाएगा। इस परियोजना के लिए 50 करोड़ रुपये नगर निगम बॉन्ड जारी करके जुटाए जाएंगे। श्री शर्मा ने इस अवसर पर नगर निगम बॉन्ड को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह कदम शहरी निकायों की आत्मनिर्भरता और वित्तीय स्थिरता को मजबूत करेगा।

**प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में होंगे बड़े शहरी विकास कार्य**

कैबिनेट ने प्रयागराज, वाराणसी और आगरा के लिए 50-50 करोड़ रुपये के नगर निगम बॉन्ड जारी करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इन योजनाओं के तहत: प्रयागराज: नैनी क्षेत्र में 100 करोड़ की लागत से सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल।

वाराणसी: भूमिगत पार्किंग और वाणिज्यिक परिसर का निर्माण।

गाजियाबाद: सौर सिटी परियोजना, अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र, और कार्यरत महिलाओं के लिए हॉस्टल।

**नगर निगम बॉन्ड: शहरी विकास की नई दिशा**

नगर निगम बॉन्ड को भारत सरकार द्वारा शहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक प्रमुख पहल बताया गया है। यह शहरी निकायों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सुशासन और वित्तीय अनुशासन को भी प्रोत्साहित करता है।

## श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के प्रथम वर्षगाठ पर भण्डारे का आयोजन

श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विजय वैश्य के नेतृत्व बहादुरगंज मोहल्ले में महाकुंभ मेला में आए श्रद्धालुओं का पूड़ी कचौड़ी दम आलू बैगन की सब्जी अचार मीठा खिलाकर अभिनंदन किया गया उक्त अवसर पर विजय वैश्य के साथ राजेश केसरवानी ,श्रीमती सुनीता चोपड़ा, पार्षद विवेक अग्रवाल, राजकुमार वैश्य ,उमेश चंद्र वर्मा, अजय अग्रहरि, दिनेश विश्वकर्मा ,माशूक अहमद ,सुरेश वर्मा ,आशीष श्रीवास्तव ,गोपाल केसरवानी ,छोटकू ,दीपक अग्रहरि ने कहा कि प्रयागराज की अतिथि देवो भव की परंपरा है जिसे महाकुंभ में आए सभी तीर्थ यात्रियों का भोजन रूपी प्रसाद भंडारे के रूप में जनमानस को हम लोग देते रहेंगे मौनी अमावस्या के अवसर पर अमृत स्नान करने वालों की भी इसी तरह से भंडारे चला कर प्रयागराज की जनता स्वागत करेगी

# मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर हजारों विदेशी भक्त लगाएंगे पावन त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी


महाकुम्भ मगर, 22 जनवरी।* महाकुम्भ नगर में 29 जनवरी को होने जा रहे मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए 10 करोड़ लोगों के पावन त्रिवेणी के तट पर पहुंचने

### महाकुम्भ में मुक्ति की आस लेकर फ्रांस, इटली, जापान और फ्रांस से आ रहे हैं सबसे अधिक श्रद्धालु

का अनुमान है। इस पुण्य और पावन अवसर का भागीदार बनने के लिए कई देशों से विदेशी भक्त और श्रद्धालु भी महाकुम्भ नगर आ रहे हैं ।

आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या में होने वाला अमृत स्नान प्रयागराज महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के सैलाब को लेकर नया कीर्तिमान दर्ज करने जा





रहा है। प्रशासन के दावे के मुताबिक इस स्नान पर्व में 7 से 10 करोड़ के बीच श्रद्धालुओं और पर्यटकों के महाकुम्भ पहुंचने का अनुमान है जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन के साथ साथ साधु संतों के शिविरों में भी इस पावन अवसर पर अमृत स्नान के लिए आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरी बताते हैं कि अकेले उनके शिविर में इस पुण्य पर्व पर फ्रांस, इटली, जापान और रूस से 5000 से अधिक विदेशी भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। पायलट बाबा के ये सभी भक्त 24 जनवरी से आना शुरू हो जाएंगे। मुक्ति और पुण्य अर्जित करने की आस लेकर आ रहे ये भक्त त्रिवेणी में अमृत स्नान करेंगे।





# उमरे महिला कल्याण संघ की अध्यक्षा ने महा कुम्भ मेले मे वितरित किया स्टील की थालियां व कपड़े के बैग

प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे ने महाकुम्भ मेले में स्टेनलेस स्टील थालियो एवं कपडे की थैलियों का वितरण किया । उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण की अध्यक्षा श्रीमती चेतना जोशी, सचिव श्रीमती ऋचा वर्मा, श्रीमती तरुणा प्रकाश, श्रीमती प्रतिभा कदम, श्रीमती संतोष कुमारी बाजपेई, श्रीमती सरिता कदम और पर्यावरण अनुभाग उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय ने प्लास्टिक मुक्त इको कुंभ को बढ़ावा देने के लिए इस्कॉन, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी, आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर एवं रामभद्राचार्य आश्रम को कुल 2000 स्टील प्लेट और कपड़े के बैग बाटे गए ।स्टील प्लेटों को बांटने का मकसद सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करना है। इस्कॉन की तरफ से मधु पंडित दास अध्यक्ष अक्षयपात्र, श्री चंचलापति दास वाइस चेयरमैन अक्षयपत्र एवं कंजलोचन कृष्ण दास एवं आर्ट ऑफ लिविंग की तरफ से श्री राम गोपाल शर्मा एवं श्री परमानंद जी उपस्थित थे। अब तक पर्यावरण अनुभाग उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय ने इको कुंभ को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्थानों पर ,9000 प्लेट और 3000 कपड़े के बैग वितरित किए हैं। श्रीमती चेतना जोशी और महिला संगठन ने क्रङ्कडठ पंडाल में रसोई बनाने तथा परोसने की सेवा की कमुख्य पर्यावरण प्रबन्धक ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी । समाजसेवी संस्थान पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की तरफ से प्राप्त थालियाँ तथा थैलियोंका वितरण प्रदुषण रोकने में काफी मददगार साबित हो रहा है कइस गतिविधि में शिवाजी कदम (मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे) , संतोष बाजपेयी (कार्य अध्ययन अधिकारी), अखिलेश कुमार सिंह इत्यादि रेलवे अधिकारी शामिल थे ।महाकुंभ के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर मध्य रेलवे की ओर से चलाई जा रही अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों की सफाई, यात्री बाड़ों का रखरखाव, बायो टॉयलेट आदि व्यवस्था का भी सुचारू रूप से चलने हेतु प्रयागराज स्टेशन का निरिक्षण किया गया।

# मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर्व पर चलेंगी रिकार्ड 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें

प्रयागराज। महाकुम्भ 2025 की प्रयागराज में शुरूआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हो गई है। मकर संक्रांति के दिन महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान पर्व पर उम्मीद से अधिक लगभग 3 .5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया था। अब तक 9 करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुम्भ में स्नान कर चुके हैं। इसी क्रम में महाकुम्भ के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिए तैयारियां पूरे जोर पर हैं। प्रयागराज रेल मण्डल ने भी मौनी अमावस्या के दिन करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना तैयार कर ली है जो अपने आप में भारतीय रेलवे के लिए एक कीर्तिमान होगा।

**प्रयागराज के सभी 9 स्टेशनों से दिशावार मेला स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन**

दिव्य-भव्य महाकुम्भ 2025 में प्रयागराज आकर संगम स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के सभी रिकार्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मकर संक्रांति के पहले अमृत स्नान के दिन लगभग 3 .5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया, जिनके लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने 101 मेला

### मौनी अमावस्या के पर्व पर प्रयागराज रेल मण्डल चलाएगा हर 4 मिनट में एक ट्रेन एक दिन में 150 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन होगा एक कीर्तिमान प्रयागराज के सभी 9 स्टेशनों से दिशावार मेला स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन

स्पेशल ट्रेनें चलानी गई थी। जो अपने आप में एक रिकार्ड था। इसी अनुरूप रेल प्रशासन महाकुम्भ के सबसे बड़े अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्?ा के लिए भी तैयारियां कर रहा है। मेला प्राधिकरण का अनुमान है कि मौनी अमावस्या के दिन 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम स्नान करेंगे। जिनमें से दस से बीस फीसदी श्रद्धालुओं के ट्रेन से आने का अनुमान है। जिनके लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। ट्रेनों के अवागमन के साथ यात्रियों के ठहरने और सही ट्रेनों तक पहुंचने के लिए कलर कोडिंग के आधार पर टिकट और अतिरिक्त आश्रय स्थलों का प्रबंध कर लिया गया है।

**मौनी अमावस्या के पर्व पर प्रयागराज रेल मण्डल चलाएगा हर 4 मिनट में एक ट्रेन**

मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के लिए रेलवे की तैयारियों के बारे में बताते हुए प्रयागराज रेलवे के सीनियर पीआरओ अमित मालवीय ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज रेलवे 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। सबसे अधिक ट्रेने प्रयागराज जंक्शन से चलेंगी, इसके अलावा मण्डल के अन्य स्टेशनों से दिशावार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा नियमित ट्रेनों का संचालन भी समयानुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी स्टेशन से एक दिन में 150 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन करना अपने आप में एक कीर्तिमान होगा।

## पीएसी जवान ने महाकुंभ मेला में आजमगढ़ से आए श्रद्धालु की मदद की

प्रयागराज। पीएसी बल महाकुंभ मेला में सहयोग, समर्पण के साथ श्रद्धालुओं



की मदद करने में अग्रणी रहा। बुधवार को करीब 11 बजे पुल नम्बर 5 और 6 कल्पवासी स्नानघाट झूसी साइड स्नान करने आये सन्नी राजभर ग्राम रोशनपुर, पोस्ट कम्हरिहा, थाना टरवा, जिला आजमगढ़ मुर्छित होकर पानी में गिर गये। ड्यूटी पर तैनात 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ बी दल के मुख्य आरक्षी प्रमोद सिंह, आरक्षी कुलदीप कुमार, अखिलेश निषाद, पंकज यादव ने युवक को गिरते देख त्वरित कार्यवाही करते हुये युवक को कुशलता पूर्वक बाहर निकाला, युवक की जान बचाई तथा एम्बुलेंस बुलाकर केंद्रीय चिकित्सालय त्रिवेणी भेजा गया। वहां पर मौजूद जनमानस व स्नानार्थियों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई। अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी सुजीत पांडेय द्वारा उक्त जवानों के इस साहसिक कार्य की प्रसंशा करते हुए प्रशस्ति-पत्र एवं प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक पीएसी पूर्वी जोन डॉ0 राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

# सीएम योगी सहित पूरी कैबिनेट को महापौर ने भेंट किया यमुना जल

प्रयागराज ।बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ,बृजेश पाठक सहित पूरे मंत्रिमंडल को महापौर उमेश चंद्र गणेश

### कहा- गंगा को आपने स्वच्छ बनाया, इसे भी अब निर्मल बनाएं
### प्रयागराज नगर निगम की ओर से मेयर ने दिया स्मृति चिन्ह

केसरवानी ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में कैबिनेट बैठक भोजन के पश्चात यमुना जल से भरा कलश भेंट किया। साथ ही प्रयागराज नगर निगम की ओर से 'संगम' स्मृति चिन्ह भी दिया। इस दौरान महापौर ने मुख्यमंत्री से कहा कि, प्रदेश सरकार ने महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाया है। श्रद्धालुओं के स्नान के लिए पावन गंगा स्वच्छ रूप में बह रही है। इसका निर्मल प्रवाह बनाए रखने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही हे। अब यमुना जी के जल को भी स्वच्छ बनाया जाए और इसकी शुरूआत दिल्ली से हो।

दरअसल, महाकुंभ-2025 के 10वें दिन प्रदेश की योगी सरकार सहित पूरा मंत्रिमंडल प्रयागराज पहुंचा था। यहां कैबिनेट



की बैठक हुई और इसके बाद मंत्रीगण ने संगम में स्नान किया। महापौर गणेश केसरवानी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पूरे मंत्रिमंडल और उच्चाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने प्रयागराज के विकास और यहां महाकुंभ के दौरान हुए और हो रहे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। साथ ही मुख्यमंत्री की ओर से कैबिनेट बैठक में नगर के विकास के लिए आए प्रस्ताव पर मुहर लगने पर खुशी जताई।

**महाकुंभ ने खोले रोजगार के द्वार**

महापौर श्री केसरवानी ने कहा कि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मुख्यमंत्री लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। महाकुंभ के साथ ही प्रयागराज को दिव्य और भव्य बनाया है। आस्था और विश्वास के इस संगम में न केवल श्रद्धालुओं के लिए भक्ति के द्वार खोले, बल्कि सभी को एकता की डोर से बांधा है। महाकुंभ के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है, वहीं तकनीकि के जरिए सारी दुनिया को आश्चर्य में डाल दिया है।

# महाकुंभ में सुधांशु महाराज का विशेष आध्यात्मिक शिवर और सत्संग शुरू

## सुधांशु महाराज की दिव्या उपस्थिति से प्रयागराज में आध्यात्मिक चेतना का हुआ संचार

प्रयागराज। भारत प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु सुधांशु जी महाराज द्वारा महाकुंभ मेला 2025 के दौरान प्रयागराज में एक विशेष आध्यात्मिक शिवर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 21 जनवरी से 23 जनवरी और 4 फरवरी से 7 फरवरी 2025 तक प्लॉट नंबर 46 सेक्टर 6 नाग वासुकी रोड प्रयागराज में आयोजित किया गया है ।यह शिविर उन सभी श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए खुला है जो प्रयागराज के इस महाकुंभ को आध्यात्मिक यात्रा में बदलना चाहते हैं और अपने जीवन को पावन और आनंदमय बनाना चाहते हैं। प्रयागराज के इस आध्यात्मिक शिविर का आयोजन सुधांशु महाराज और डॉक्टर अर्चिका दीदी के मार्गदर्शन में किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महाकुंभ में आए भक्तों को आत्म शुद्धि से जोड़ना है ।शिविर में आने वाले सभी श्रद्धालु महाकुंभ के संगम स्नान के साथ-साथ अनेक आध्यात्मिक गतिविधियों में भी भाग ले सकते हैं ।शिविर में सम्मिलित सभी श्रद्धालु प्रात: गंगा ,यमुना और सरस्वती नदी के संगम में डुबकी के साथ-साथ वैदिक मंत्रोच्चार,यज्ञ , योग, ज्ञान ,सत्संग कथा और गंगा महा आरती में भी सम्मिलित हो



सकते हैं। 45 दिवसीय इस महाकुंभ का आयोजन 14 जनवरी 2024 के शाही स्नान के साथ शुरू हो चुका है और यह आयोजन 26 फरवरी 2025 को समाप्त होगा । महाकुंभ सृष्टि का एकमात्र ऐसा पर्व है जहां विभिन्न देवताओं के अनुयायी एकत्रित होकर सनातन धर्म की शक्ति और गौरव का आभास करते हैं। प्रयागराज के इस महाकुंभ के दौरान मानव सेवा के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा को दशार्ते हुए श्री सुधांशु जी महाराज द्वारा शिविर में भंडारा, जरूरतमंद को कंबल वितरण और जीवों के प्रति सम्मान दर्शन हेतु गौ पूजन का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रयागराज के महाकुंभ में आयोजकों की विशिष्ट व्यवस्था और समर्पण की सराहना करते हुए सुधांशु जी महाराज ने इस आयोजन को उत्कृष्ट बताते हुए कहा है कि महाकुंभ एक दुर्लभ खगोलीय घटना है जो आत्म जागृति और मोक्ष प्राप्ति का अनुपम अवसर प्रदान करती है। मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने महाकुंभ के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के अतुलनीय प्रयास किए हैं। महाकुंभ मेला केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि यह धार्मिक और सामाजिक संवेदनाओं का मेल ह जिसमें दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और महाकुंभ की इस दिव्यता का आभास कर रहे हैं। महाकुंभ हजारों वर्षों से भारत की सनातन परंपराओं और विश्वास की अद्वितीय शक्ति को दशार्ता हुआ एक प्रतीक रहा है।



## पीएसी जवान ने महाकुंभ मेला में अम्बेडकरनगर से आए श्रद्धालु को पुत्र से मिलाया

प्रयागराज। पीएसी बल महाकुंभ मेला में सहयोग, समर्पण के साथ श्रद्धालुओं की मदद करने में अग्रणी रहा। बुधवार को संगम स्थल के पास अम्बेडकरनगर से आये श्रद्धालु अपने छोटे पुत्र रुद्र से बिछड़ गए थे। ड्यूटी मे तैनात 43 वी वाहिनी पीएसी एटा एच दल के आरक्षी हरिमोहन सिंह, विष्णु कुमार, जितेंद्र कुमार के द्वारा अथक प्रयास करने के बाद उन्हें आपस में मिलवाया। वहां पर मौजूद जनमानस व स्नानार्थियों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई। अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी श्री सुजीत पांडेय द्वारा उक्त जवानों के इस साहसिक कार्य की प्रसंशा करते हुए प्रशस्ति-पत्र एवं प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक पीएसी पूर्वी जोन डॉ0 राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

## सुप्रसिद्ध अभिनेता अनुपम खेर पहुंचे प्रभु प्रेमी संघ शिविर

प्रयागराज ।सुप्रसिद्ध अभिनेता अनुपम खेर ने आज प्रभु प्रेमी संघ शिविर पहुंच कर स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी महाराज से आशीष प्राप्त किया। श्री खेर कल प्रात :काल संगम पर डुबकी लगाएंगे साथ ही शिविर में साधु-सन्यासियों की सेवा के साथ विविध अनुष्ठानों में सम्मिलित होंगे।

श्री खेर ने महाकुंभ के दिव्य अवसर पर प्रयागराज पहुंचने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मैं यहां आकर अभिभूत हूं।

# जिलाधिकारी ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जनपद प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ-2025 के महत्वपूर्ण स्नान पर्व मौनी अमावस्या में आने वाले श्रद्धालुओं व यात्रियों को अवस्थान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत तुलसी

## साफ-सफाई व फागिंग का दिया निर्देश

सदन में बनाये गये रैन बसेरा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान तुलसी सदन (हादीहाल) के रैन बसेरे में 50 बेड मय गद्दा, रजाई, चारपाई लगा हुआ पाया गया जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये गये कि हाल की और अधिक साफ-सफाई करायी जाये तथा परिसर में प्रत्येक दिन फागिंग, एण्टी लार्वा का छिड़काव इत्यादि कराया जाये। बिस्तर पर साफ चादरें एवं तकिया (कवर सहित) बिछाया जाये। रात्रि में हाल के भीतर एवं बाहरी परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि नगर के स्वयंसेवियों से समन्वय स्थापित करें तथा उनका सहयोग लेते हुये श्रद्धालुओं व आगन्तुकों के खान-पान हेतु समुचित व्यवस्था करा लें ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। तुलसीसदन परिसर में एक हेल्प डेस्क बनाया गया है जो छोटा है, तत्क्रम में परिसर के मुख्य द्वार पर एक बड़ा हेल्ड डेस्थ स्थापित करते हुये उसमें कार्मिकों की तैनाती हेतु जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थायें महाकुम्भ पर्व तक सतत सुव्यवस्थित ढंग से चलाई जाये। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार उपस्थित रहे।


रैन बसेरा का निरीक्षण करते डीएम शिव सहाय अवस्थी

## जनसुनवाई के दौरान डीएम ने सुनी समस्याएं

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कलेक्टेज्ट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व व अन्य शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाए।

# रनिंग भत्ते में बढ़ोतरी की मांग को लेकर गार्डों ने दिया धरना

प्रतापगढ़। टीए के अनुरूप रनिंग भत्ते में 25 प्रतिशत वृद्धि को लेकर आल इंडिया गार्ड काउंसिल और लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन शाखा के संयुक्त तत्वाधान में 22 जनवरी को मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि रेल मंत्री ने रनिंग स्टाफ के साथ अन्याय किया है। उन्होंने वायदे के अनुरूप भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि नहीं की है। धरने को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष आर एम सरोज ने कहा कि भत्ते में बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। आर के गुप्ता ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों को भत्ता देने से इंकार किया है जिसके विरोध में लॉबी के सामने सुबह दस से प्रदर्शन किया जा रहा है। शाखा सचिव अमरनाथ तिवारी ने बताया है कि केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने में वीके तिवारी, मोहम्मद अनीश, जितेंद्र पांडे, आरके रावत, डीपी तिवारी समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।

# पूर्वजों की स्मृतियों को संजोना ही सबसे बड़ा पुण्य : सदर विधायक

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित प्रधानाचार्य स्व .अशोक कुमार तिवारी की आठवीं पुण्यतिथि आज वृद्धाश्रम महुली में मनाई गई। स्व . तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि शिक्षा के

## प्रधानाचार्य स्व0 अशोक कुमार की मनी पुण्यतिथि

क्षेत्र में गुरु जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर उन्होंने जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। पूर्वजों की स्मृतियों को संजोए रखना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। आधुनिकता की चकाचैंध में पूर्वजों को याद करना एक बहुत बड़ी चुनौती है। सदर विधायक ने कहा कि ऐसे पुण्य दिवस पर सभी वृद्धजनों के लिए भोजन परोसना मेरे लिए गर्व की बात है। अरुण तिवारी ने कहा कि मेरे पति ने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा विभाग में व्यतीत किया। शिक्षा, शिक्षक, शिक्षार्थी और शिक्षालय ही उनके लिए सब कुछ था। राजेश कुमार मिश्रा (स्वास्थ्य विभाग) ने कहा कि बाबूजी एक सच्चे समाजसेवी थे। अभिषेक तिवारी ने अतिथियों और वृद्धजनों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वृद्धाश्रम के मैनेजर अंबिका मिश्रा, महेश चंद्र त्रिपाठी, अभिनव तिवारी, ज्योति शुक्ला, श्रीमती एकता तिवारी इत्यादि लोग रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेश तिवारी ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ विकास तिवारी ने किया।


स्व0 अशोक कुमार के चित्र पर माल्यार्पण करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य

# पुण्यतिथि पर याद किये गये जनेश्वर मिश्रा


पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते अतिथि

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर प्रख्यात समाजवादी चिन्तक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि पर

## सपाईयों ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय व संचालन जिला उपाध्यक्ष जावेद अख्तर ने किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र समाजवादी पार्टी के एक राजनेता थे। समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके दृढ निष्ठा के कारण वे छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध थे। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अनिल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष भईयाराम पटेल, गुलफाम खान, जिला उपाध्यक्ष वासिक खान, राजकुमार यादव, अरूण पाल, जिला सचिव सफात अहमद, विज्ञान यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल, महिला सभा अध्यक्ष शान्ति सिंह, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा वकार अहमद, विधानसभा अध्यक्ष शेर बहादुर यादव, विनीत यादव, लोहिया वाहिनी महासचिव अनाम अहमद, पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष इमरान खान, पिछड़ा वर्ग विधानसभा अध्यक्ष उत्तम सिंह यादव, पिछड़ा वर्ग ब्लाक अध्यक्ष विनोद यादव, विकास यादव प्रधान, राजेश यादव, विनोद यादव पूर्व प्रधान, अनिल मौर्या, अनुज विश्वकर्मा, आलोक यादव, विकास यादव, रितेश कुमार, अनुज यादव, मो.साहिल, एखलाक हुसैन, मो.जलाल, मो.फैजान, प्रदीप यादव सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# हथिगवां थाने के दो शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

परियावां, प्रतापगढ़। हथिगवां थाना क्षेत्रान्तर्गत किलहनापुर से हथिगवां रोड पर सड़क के किनारे खड़ी साइकिल पर रखा एक मोबाइल चोरी करने के संबंध में वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हथिगवां में अभियोग पुलिस ने पंजीकृत किया था। थाना हथिगवां के नेतृत्व में उ0नि0 बनवारी लाल पाल मय हमराह का0 विपिन सारस्वत, का0 अजीत सिंह यादव, का0 कुलदीप सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना हथिगवां के दो अभियुक्त विनीत कुमार गौतम पुत्र बबलू गौतम निवासी ग्राम इस्माईलपुर मजरे अब्दालपुर थाना सोराव जनपद प्रयागराज व अंकित कुमार गौतम पुत्र फूलचन्द गौतम निवासी ग्राम कटरा कौड़िहार थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत भदशिव हाइवे अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियक्तों के कब्जे से दो अदद चोरी की मोबाइल एन्ड्रायड स्मार्टफोन बरामद किया घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को अन्तर्गत धारा-207 एम0वी0 एक्ट में सीज किया गया।

# धूमधाम से मनाई गई प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ

लालगंज, प्रतापगढ़। बुधवार को बाजार वासियों ने प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ को धूमधाम मनाया। व्यापारियों ने इस दौरान रथ पर मनोहर झांकी सजाकर शोभा यात्रा निकाली।

स्थानीय तहसील क्षेत्र स्थित रानीगंज

## बाजरवासियों ने निकाली प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा

कैथौला बाजार में बुधवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन कुमार अग्रहरि की अगुवाई में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के पावन पर्व को बाजरवासियो ने बड़ी धूमधाम से मनाया। लोगों ने श्री रामलला की सुंदर झांकी के साथ डीजे की धुन पर थिरकते हुए दिखाई दिए। शोभा यात्रा में मौजूद महिलाओं ने मंगल गीत के साथ राम लला के जयकारे को लगाती हुई नजर आई। शोभा यात्रा श्रीराम जी के जयघोष के साथ बाजार स्थित राम जानकी मंदिर से निकल कर पूरे बाजार में भ्रमण करती हुई पुनः राम जानकी मंदिर पहुंची, जहां लोगो ने पूजा अर्चना की। उसके बाद आयोजित भंडारे का कार्यक्रम शुरू हो गया। जहां सैकड़ों की संख्या में मौजूद श्रीराम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान व्यापार मंडल के महामंत्री रामबाबू सोनी,शरद सिंह, दिनेश सिंह वैद्य, शिवशंकर पांडेय, शंकर लाल जायसवाल, प्रमोद सिंह बाबा, केशव प्लाजा, धर्मेंद्र केसरवानी, राजू केसरवानी आदि लोगों का सहयोग सराहनीय रहा। उधर मां सत्ती के दरबार में भी श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे में देर शाम तक लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सुभाष केसरवानी व जयप्रकाश केसरवानी ने श्रीराम भक्तों का स्वागत करते दिखे। इस मौके पर टमटे, शनि सिंह, पुनीत सिंह, दिलीप मोदनवाल आदि लोगों ने भी सहयोग प्रदान किया।


शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण

## अयोध्या के राम मंदिर की वर्षगांठ में जगह-जगह हुआ भण्डारा

प्रतापगढ़। अयोध्या में राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर आज प्रतापगढ़ में जगह-जगह सुंदरकाण्ड के पाठ के साथ भण्डारा (प्रसाद वितरण) का कार्यक्रम किया गया। आज बुधवार की अपरान्ह तीन बजे से शहर के बाबागंज स्थित हनुमान मंदिर पर भण्डारा शुरू हुआ। पहले हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना की गई, फिर भगवान राम के जयकारों के साथ पुजारी सौरभ ने भगवान का प्रसाद चढ़ाया फिर प्रसाद का वितरण (भण्डारा) शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। इसमें पुजारी सौरभ के अलावा बच्चू गुंजन, अंशू व ओम प्रसाद वितरण में सहयोग कर रहे थे। ऐसा ही दृश्य अम्बेडकर चैराहा, श्रीराम तिराहा, कपूर चैराहा, रेलवे स्टेशन के हनुमान मंदिर पर देखने को मिला। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी आज धूमधाम से अयोध्या राम मंदिर की वर्षगांठ मनाई गई और भण्डारे का आयोजन किया गया।

# श्रीहर्ष पाण्डेय का समाज के प्रति योगदान अतुलनीय

प्रतापगढ़। राजर्षि टण्डन इंटर कॉलेज रामनगर के संस्थापक एवं समाजसेवी स्व. श्रीहर्ष पाण्डेय की स्मृति में सद्भावना दिवस समारोह का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया, जिसकी अध्यक्षता हरिओम मिश्र एवं संचालन अनूप अनुपम

## समाजसेवी स्व0 श्रीहर्ष पाण्डेय की स्मृति में हुआ समारोह

व रवींद्र अजनबी ने किया।

श्रीहर्ष पाण्डेय समाजसेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह रहीं। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सदर राजकुमार पाल व विशेष अतिथि के रूप में धमार्चार्य अनिरुद्ध रामानुजदास की मौजूदगी रही। बतौर मुख्य अतिथि लोगों को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि समाजसेवी व सरपंच स्व. श्रीहर्ष पांडेय शिक्षा व समाज के प्रति सदैव समर्पित रहे। उनका योगदान अतुलनीय है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि व पूर्व विधायक राजकुमार पाल, अनिरुद्ध रामानुजदास ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य पूनम इंसान, पवन कुमार गौतम, पूर्व एडीआईओएस दयाराम मौर्य रत्न, जूबाए अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, वकील परिषद के अध्यक्ष आनन्द पाण्डेय, आचार्य अनीस देहाती, सुनील प्रभाकर, श्रीकांत पाण्डेय, राजेश कुमार मिश्र, इं. विशाल नाथ तिवारी, राधेकृष्ण त्रिपाठी व वरिष्ठ पत्रकार राज नारायण शुक्ल राजन ने सम्बोधित किया। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वरिष्ठ पत्रकार रमेश त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी नरेंद्र पाल सिंह व वरिष्ठ अधिवक्ता आचार्य ओम प्रकाश मिश्र का, अतिथियों व संयोजक द्वारा सारस्वत अभिनन्दन किया गया। इस दौरान डॉ. राघवेंद्र पाण्डेय, नागेंद्र नाथ तिवारी, अवध बिहारी शुक्ल, अखिलेश पाण्डेय, गिरजेश त्रिपाठी, हरिकेश मिश्र, पवन कुमार सिंह, विशाल विक्रम सिंह, संजय त्रिपाठी, शरद ओझा, दयाशंकर पाण्डेय, ब्रजेश नारायण त्रिपाठी, करुणा शंकर मिश्र, आनन्द मोहन ओझा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आये हुए अतिथियों के प्रति डॉ. अमित पाण्डेय ने आभार प्रकट किया।


आयोजित समारोह में सम्मानित करते अतिथिगण

# मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में दो घायल

पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के दो गांव में मारपीट की घटना हुई है। घायल के परिजनों ने थाने पर शिकायत की है। क्षेत्र के मरियमपुर गांव निवासी अर्पित यादव का आरोप कि वह बाजार से अपने घर मरियमपुर गांव जा रहा था।

अभी वह सराय महेश रोड के पास पहुंचा था कि पहले से खड़े युवकों ने उसे रोक लिया और लात घुसे व डंडे से पीट कर घायल कर दिया।

वही रमईपुर नवादा गांव की रुखसार पत्नी रियासत ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनका बेटा गुलकान गांव में ही क्रिकेट खेलने गया था। इस दौरान हुए विवाद में उसे आधा दर्जन लोगों ने मारपीट कर लहू लुहान कर दिया।

मारपीट की दोनों घटनाओं की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# अखंड रामायण के समापन पर आयोजित भंडारा


भण्डारे के दौरान मौजूद आयोजकगण

परियावां, प्रतापगढ़। विकास खंड कालाकांकर स्थित जनवामऊ में ग्रामवासियों व मंदिर पूजा कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को मां भवानी धाम बूढ़ी माई जनवामऊ में बुधवार को अखण्ड रामायण के समापन पर भव्य बृहद भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्रामवासियों व मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया भंडारे का कार्यक्रम अनवरत चलता रहा। सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से आशीष जायसवाल, सुशील कुमार सिंह, सत्यम सिंह, रामलखन अग्रहरि, मुन्ना मौर्या, रामनरेश मौर्या,दरोगा तिवारी, पप्पू मिश्रा,बृजेश दिवाकर सहित ग्रामवासियों व कमेटी के सदस्य लोग रहे।

# एसटीएफ और पुलिस टीम ने पचास हजार के ईनामिया बदमाश को दबोचा

लालगंज, प्रतापगढ़। एसपी डॉ. अनिल कुमार के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर बुधवार को लालगंज सर्किल के लीलापुर पुलिस थाने को

## पुलिस ने भेजा जेल

एसटीएफ की लखनऊ टीम के सहयोग से सफलता मिली है। लीलापुर पुलिस ने जिले के कई थानों में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पचास हजार के ईनामिया बदमाश को धर दबोचा है।

लीलापुर के प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार सिंह को एसटीएफ लखनऊ की टीम ने सर्विलांस व मुखबिरी के जरिए ईनामिया बदमाश के क्षेत्र में होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अरूण सिंह के साथ पुलिस व एसटीएफ के लखनऊ यूनिट निरीक्षक अतुल चतुर्वेदी की टीम अलर्ट हो उठी। मंगलवार की रात पुलिस व एसटीएफ टीम ने बाबूगंज मार्ग पर पतुलकी मोड़ के पास पहुंची तो ईनामिया बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते भागने लगा। एसटीएफ व पुलिस टीम ने साहसिक प्रदर्शन करते हुए आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गये आरोपी लालगंज कोतवाली के बेलहा मदनगढ़ निवासी शमी मोहम्मद के पुत्र मुकीम अहमद को पुलिस ने दबोचा तो तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। प्रयागराज जोन के आईजी के स्तर पर गिरफ्त में आये बदमाश मुकीम की गिरफ्तारी के लिए पचास हजार का ईनाम घोषित किया गया था। पकड़े गये आरोपी मुकीम के खिलाफ जिले के लालगंज, संग्रामगढ़, महेशगंज, लीलापुर में गोवध निवारण अधिनियम तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी मुकीम के खिलाफ हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। बुधवार को पुलिस ने आरोपी मुकीम अहमद को जेल भेज दिया है। ईनामिया बदमाश के दबोचे जाने की जानकारी पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय तथा लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर ने एसटीएफ तथा लीलापुर पुलिस की कामयाबी को सराहा है।

# आरपीएफ सिपाहियों के बीच चले लात घूंसे, एक को हटाया

प्रतापगढ़। रेलवे सुरक्षा बल की बैरिक में पैसे के लेनदेन को लेकर नशे में धुत सिपाहियों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मारपीट के आरोपी एक सिपाही को यहां से हटाकर बनारस भेज दिया गया है। इसको लेकर थाने पर चचाओं का बाजार गर्म है। कोई कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक दिन पहले वसूली के पैसे को लेकर सिपाहियों ने नशा किया। उसके बाद आपस में मारपीट करने लगे। जिसमें से एक सिपाही ने वीडियो बनाकर उसको वायरल कर दिया। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद एक सिपाही पर गाज गिर गई। पता चला है कि उसे यहां से व्यास नगर बनारस में अटैच कर दिया गया है।

# पुलिस मुठभेड में अभियुक्त को लगी गोली, घायल

प्रतापगढ़। थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत डेरवा से बाबूगंज रोड़ ग्राम भावनपुर के पास थाना जेठवारा पुलिस व स्वाट टीम से हुई मुठभेड़ में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी तथा एक अन्य अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त

## एक अन्य अभियुक्त गिरफ्तार

तनुज वर्मा को उपचार के लिये जिला अस्पताल भेजा गया।

थाना जेठवारा पुलिस व स्वाट टीम द्वारा थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत डेरवा से बाबूगंज रोड़ ग्राम भावनपुर के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी।

आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में चोरी से संबंधित एक शातिर अभियुक्त तनुज वर्मा पुत्र हरिकेश वर्मा बहादुर निवासी छीटीपुर थाना लालगंज के दाहिने पैर में लगी गोली एवं मौके से एक अन्य अभियुक्त विशाल पुत्र विजय वर्मा निवासी छीटीपुर थाना लालगंज को गिरफ्तार किया गया है। घायल अभियुक्त तनुज वर्मा उपरोक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। अभियुक्तों के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी की ईको कार व स्टेशनरी का सामान बरामद किया गया।

## 50 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। एसटीएफ यूनिट कानपुर टीम उ0नि0 राहुल परमार मय हमराह हे0कां0 देवेश कुमार द्विवेदी, हे0कां0 अरविन्द सिंह, हे0कां0 चन्द्र प्रकाश सिंह, हे0कां0 अशोक राजपूत, कां0 सत्यम यादव, कां0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ में वाँछित 50 हजार रुपए का इनामिया अभियुक्त नदीम उर्फ सेबू उर्फ रिजवान पुत्र रईश नि0ग्राम दादूपुर पड़ान थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब (22) वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज रेंज प्रयागराज द्वारा शातिर अभियुक्त नदीम उर्फ सेबू उर्फ रिजवान उपरोक्त की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था।

# अधेड़ महिला को लाठी डंडे पीटा, बाया हाथ टूटा

पट्टी प्रतापगढ़। बुधवार की सुबह सात बजे सार्वजनिक रास्ते में कटीला बबूल रखने से मना करने पर अधेड़ महिला को लाठी डंडे से पीटकर अधमरा कर दिया कधंई थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी कलावती देवी (55) वर्ष पत्नी अमर पाल के घर के समीप गांव वालों का आने-जाने का सार्वजनिक रास्ता है। बुधवार की सुबह कलावती के देवर का लडका व पड़ोसी महिला रास्ते में कंटीले बबूल का झाड़ हटाने से मना करने लगी उसी दौरान लाठी डंडे से कलावती पर हमला कर दिया जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गयी और बाया हाथ टूट गया, घायल अवस्था में पति अमर पाल चैकी दीवानगंज ले गया जहां इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम भेजा गया हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

**आज का सुविचार**–सफलता के डर को अपने सपनों के बीच की बाधा मत बनने दें, बल्कि उसे अपने सफल होने की प्रेरणा बनाएं।

# संपादकीय

## ट्रंप का टशन

यूं भी अमेरिका की सारी नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही समाप्त हो जाती हैं। लेकिन जब ट्रंप जैसा अप्रत्याशित व अमेरिका फर्स्ट का जयकारा लगाने वाला राष्ट्रपति सत्तासीन हो, तो दुनिया सांसत में ही रहेगी। शपथ ग्रहण के बाद जिस तरह असहज करने वाले कार्यकारी आदेश जारी किए गए, ये उसी की आहट है। लगता है अमेरिका के लिये स्वर्णयुग लाने का दावा करने वाले ट्रंप को लोकतांत्रिक मूल्यों, दुनिया की सेहत और वैश्विक पर्यावरण संरक्षण से कोई सरोकार नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी जाने वाली बड़ी अमेरिकी मदद से हाथ पीछे खींचकर उन्होंने अपने मंसूबे जताए हैं। विश्व को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध पेरिस जलवायु समझौते से भी किनारा कर उन्होंने अपने इरादे जाहिर किए हैं। यह जानते हुए भी कि बीता साल दुनिया में अब तक का सबसे गर्म साल रहा था। यहां तक कि इन प्रभावों से पिछले दिनों लॉस एंजिल्स की भयावह आग ने अमेरिका के दरवाजे पर पिछले दिनों दस्तक दी है। वहीं दूसरी ओर तमाम आर्थिक मुश्किलों से जूझते व बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका का रुख करने वाले प्रवासी उनके लिये दुश्मन नंबर वन हैं। जिनको रोकने के लिये अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार बनाना उनका महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। वे लाखों अवैध प्रवासियों को अमेरिका से खदेड़ने की बात बार–बार कहते हैं। वहीं अमेरिका फर्स्ट की नीति के चलते वे चीन समेत अन्य विकासशील देशों पर अंधाधुंध टैरिफ लगाकर मुनाफे का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में झुकाने पर अड़े हैं। यहां तक कि उन्होंने ब्रिक्स देशों को चेताया है कि यदि डॉलर के मुकाबले वैकल्पिक मुद्रा चलन में लाने का प्रयास किया गया तो वे भारत,रूस व चीन आदि पर सौ फीसदी टैरिफ लगाएंगे। विशेष रूप से चीन उनके निशाने पर है, जो अमेरिका के नंबर एक दावे को चुनौती देने की क्षमता रखता है। दुनिया के तमाम देशों को उनके बड़बोले बयानों के मद्देनजर मुश्किल समय हेतु तैयार रहना चाहिए। दरअसल, केवल विकासशील व तीसरी दुनिया के देश ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड पर कब्जे की मंशा के बयानों को लेकर यूरोपीय देशों में ट्रंप को लेकर खासी नाराजगी नजर आ रही है। पनामा नहर का प्रबंधन हासिल करने के बयानों पर भी तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। कभी वे कनाडा को अमेरिका में शामिल करने के दावे करते हैं। आते ही कनाडा पर टैरिफ बढ़ाकर उन्होंने अपने मंसूबे जाहिर किए हैं। पिछले कुछ वर्षों में महामारी के प्रभावों से उबरते हुए तमाम बीमारियों से जूझते विश्व को ट्रंप ने बड़ा झटका दिया है। मानवता के कल्याण को समर्पित डब्ल्यूएचओ की आर्थिक मदद बंद करने से विकासशील व गरीब मुल्कों का स्वास्थ्य तंत्र अब भगवान भरोसे रह जाएगा। यदि विश्व में फिर किसी महामारी की दस्तक होती है तो पूरी दुनिया में स्थितियां गंभीर होंगी। विश्व के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र में यूं पूंजीवादी सोच व नीतियों का वर्चस्व बेहद चिंता की बात है। जिस बात की चिंता पिछले दिनों निवर्तमान राष्ट्रपाति जो बाइडेन भी जता चुके हैं। लेकिन उग्र राष्ट्रवाद के खुमार में डूबे अमेरिकी कुछ सुनने को तैयार नहीं हैं। पर्दे के पीछे "ट्रंप उदय" के पीछे दुनिया के सबसे अमीर पूंजीपतियों में शुमार एलन मस्क की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि अमेरिका फर्स्ट की नीतियों के प्रबल पैरोकार ट्रंप को दुनिया के सामाजिक, आर्थिक व सेहत के सरोकारों से कुछ भी लेना–देना नहीं है। कमोबेश यही स्थितियां अमेरिका की विदेश नीति में भी उजागर होंगी। फिलहाल, इस्राइल–हमास संघर्ष थमता दिख रहा है, लेकिन ये कब तक थमा रहता है, कहना कठिन है। जाते–जाते संघर्ष विराम का श्रेय लेने की होड़ में जो बाइडेन इस्राइल–हमास संघर्ष को फौरी तौर पर रोक तो गए हैं,लेकिन इसके लंबे समय तक थमे रहने के आसार कम ही हैं। वहीं ट्रंप रूस–यूक्रेन युद्ध को भी रुकवाने की बात कर रहे हैं,लेकिन वे अपने यूरोपीय सहयोगियों को नाराज करके इसमें कितना कामयाब होते हैं, ये भविष्य के गर्भ में निहित है।

## सेहत

### सर्दियों में कम पानी पीने से हो सकता है डिहाइड्रेशन, शरीर में दिखने लगते हैं ऐसे लक्षण



सर्दियों के मौसम में डिहाइड्रेशन होना एक गंभीर समस्या होती है। सर्दियों में पसीने की मात्रा भले ही कम होती है, लेकिन डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होने पर कई जरूरी प्रक्रियाएं प्रभावित होने लगती हैं। इसलिए सर्दियों में भी पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। हमेशा शरीर हाइड्रेटेड रहने की कोशिश करें। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, शरीर को अपनी सभी प्रक्रियाएं सही रूप से करने के लिए पानी की जरूरत होती है। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप यह पता लगा सकते हैं कि कहीं आपके शरीर में तो पानी की कमी नहीं है। क्योंकि ठंड में प्यास कम लगती है और हम हाइड्रेशन पर भी ज्यादा ध्यान नहीं दे पाते हैं।

**थकावट और कमजोरी लगना**

शरीर में पानी की कमी होने पर थकावट और कमजोरी होना आम बात है। सर्दियों में अगर आप अधिक कमजोर या फिर थका हुआ महसूस कर रहे हैं, तो इसके पीछे का कारण डिहाइड्रेशन हो सकता है। कोशिकाओं और अंगों को सही तरीके से कार्य करने के लिए पानी की जरूरत होती है। अगर पानी की कमी हो, तो सेल्स अपना काम ठीक से नहीं कर पाती हैं। वहीं शरीर का एनर्जी लेवल भी कम हो जाता है। इसकी वजह से थकान और कमजोरी का एहसास होता है। अगर आपको भी ऐसे ही लक्षण नजर आते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि शरीर में कहीं पानी की कमी तो नहीं है।

**स्किन में रूखापन**

पानी की कमी का सबसे बड़ा संकेत स्किन में रूखापन होना है। जब शरीर में हाइड्रेशन की कमी हो जाती है, तो स्किन की नमी भी कम होने लगती है। इसकी वजह से स्किन में सूखापन और खिंचाव महसूस होने लगता है। सर्दियों में हवा ड्राई होती है, जिससे ड्राइनेस की समस्या अधिक बढ़ सकती है। शरीर में पानी की कमी होने पर ब्लड फ्लो पर भी इसका असर पड़ता है। पानी की कमी से स्किन मुरझाई हुई नजर आने लगती है।

**मुंह सूखना**

डिहाइड्रेशन होने की वजह से मुंह और आंखों में सूखापन लगता है। मुंह सूखना शरीर में पानी की कमी का संकेत है। शरीर में पानी की कमी होने पर आंसू बनने की प्रक्रिया पर बुरा असर पड़ता है और आंखें सूखी–सूखी नजर आती है। सर्दियों में यह समस्या अधिक होती है, क्योंकि इस मौसम में लोग कम पानी पीते हैं और एटमॉस्फेयर में भी कम नमी होती है। बता दें कि मुंह सूखने की वजह से ताजगी का एहसास नहीं होता है।

**पेट की समस्याएं**

शरीर में पानी की कमी होने पर पेट से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं। इससे हमारा डाइजेशन स्लो हो जाता है और कब्ज की समस्या हो सकती है। सर्दी के मौसम में अक्सर लोग कम पानी पीते हैं और आंतों में पानी की कमी होने पर मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है। गैस, अपच और कब्ज की समस्याएं पैदा हो सकती है। यह वेट बढ़ने का भी कारण बन सकता है।


# युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी



विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने "तीसरा विश्व युद्ध" रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, "मैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा" निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज–संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह "मेक अमेरिका ग्रेट अगेन" का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिंए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये। विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज–व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह–जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है। अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है– संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक–आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जा रही है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उसे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है। ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर–कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि ट्रंप की नई टीम अमेरिकी परंपराओं का यथासंभव निर्वाह करते हुए ही देश को फिर से महान बनाएगी। लेकिन इस बार अमेरिकी परम्पराओं में युद्ध एवं हिंसा के स्थान पर शांति, विकास एवं हथियार मुक्ति के संकल्प होना बड़ी एवं राहतभरी बात है। हालांकि, अमेरिका को महान बनाने के अभियान पर कई सवाल भी हैं। क्या अमेरिकी निर्णायकों ने मान लिया है कि अमेरिका अब महान नहीं रहा? इस अभियान के नाम से तो शायद यही लगता है कि अमेरिकी विचारकों ने अपने देश के महान न रह पाने की वजहों का पता भी लगा लिया है। उनकी नजर उन अमेरिकी चालाकियों पर भी निस्संदेह पड़ी होगी, जिनकी वजह से अमेरिकियों की अक्सर आलोचना होती है। इन वजहों में युद्ध एवं हथियारों की होड़ बड़ी वजह रही है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध, हिंसा, आतंकमुक्त नये अमेरिका को विकसित करने एवं विश्व में शांति के संकल्प को देखते हुए अमेरिका को शुरू से ही भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना जीवित लोकतंत्र है, दुनिया में युद्ध एवं आतंक के खिलाफ भारत हमेशा अग्रसर रहा है, युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा–सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते रहे हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर होगा, इसे लेकर विशेषज्ञ कई तरह की उम्मीदें जता रहे। जानकारों के मुताबिक, ट्रंप के आने से भारत और अमेरिका के संबंध और गहरे होंगे। चीन को लेकर दोनों देशों की चिंता इन्हें करीब लाएगी। यह ट्रेंड पिछले पांच अमेरिकी राष्ट्रपतियों के कार्यकाल जैसा ही रहेगा। क्वाड और मजबूत होगा। प्रशासन के कई विभागों में भारत के अच्छे संबंध बनेंगे। राजनीतिक और वैचारिक तालमेल भी अच्छा रहने की उम्मीद की जा रही। इसके साथ ही रक्षा, खुफिया और सुरक्षा मामलों में दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा। टेक्नोलॉजी में सहयोग की संभावनाएं बढ़ने के आसार हैं। सबसे अहम है भारत की युद्ध एवं आतंक मुक्त विश्व बनाने की योजना, इसको लेकर ट्रंप भी आगे आये है जो नये सूरज का अभ्युदय है। लेकिन ट्रंप का नया दौर कहीं मौखिक हमलों या कटु उद्गारों तक ही सीमित न रह जाए।

ललित गर्ग।

# चीन की परियोजना से उत्पन्न होते खतरे




तिब्बत में ब्रह्मपुत्र पर चीन का प्रस्तावित बांध जल सुरक्षा, पारिस्थितिकीय संतुलन और क्षेत्रीय रिश्तों के बारे में आशंकाएं पैदा करता है। इस–के बहाव पर चीन के नियंत्रण से भारत की सुरक्षा चिंताएं भी स्वाभाविक हैं। भारत, बांग्लादेश और भूटान इस बात को लेकर चिंतित थे कि चीन तिब्बत में दुनिया की जो सबसे बड़ी जल–विद्युत परियोजना शुरू कर रहा है, वह भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है और ऐसे बांधों से दक्षिण एशिया में बड़ी तबाही हो सकती है। इसी बीच, तिब्बत में 6.8–7.1 तीव्रता के भूकंप ने करीब 200 लोगों की जान ले ली और बड़े क्षेत्र को प्रभावित किया। चीन का प्रस्तावित बांध जल सुरक्षा, पारिस्थितिकीय संतुलन और क्षेत्रीय रिश्तों के मामले में आशंकाएं पैदा कर रहा है। दरअसल, ब्रह्मपुत्र नदी भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की जीवन रेखा है, और इसके प्रवाह में किसी भी महत्वपूर्ण बदलाव से जल उपलब्धता संकट में पड़ सकती है, खासकर शुष्क मौसम में। बांध से नदी के प्रवाह पर चीन के रणनीतिक नियंत्रण का डर है, जो किसी तनाव के समय प्रभाव डाल सकता है। यह जलविद्युत परियोजना यारलुंग जांग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम) के निचले हिस्से में हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाई जाएगी। इस बांध के कारण भारत सहित कई अन्य देशों में भय का कारण यह भी कि परियोजना स्थल टेक्टोनिक प्लेट सीमा पर स्थित है। तिब्बती पठार, जिसे दुनिया की छत माना जाता है, अक्सर भूकंप की मार झेलता है क्योंकि यह टेक्टोनिक प्लेटों के ऊपर स्थित है। 60 गीगावाट की यह परियोजना नदी प्रवाह के ऐसे मोड़ पर बनाई जा रही हैं जहां से सियांग या दिहांग नदी के रूप में अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से पहले तिब्बती प्लैट्यू पर यारलुंग बेहद ऊंचाई से गिरती है। इस मोड़ के लगभग 50 किलोमीटर के इलाके को इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे पानी 2,000 मीटर की ऊंचाई से गिरे और उसके जरिए पनबिजली पैदा की जा सके। चीन ने अभी तक यारलुंग नदी का इस्तेमाल बिजली बनाने में सबसे कम किया है, महज 0.3 फीसदी। अब उसने मेडॉग इलाके के पास अपनी भौगोलिक सीमा के लगभग अंतिम छोर पर नदी को रोकने की योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया।

चीन द्वारा विशाल नदियों पर बांध बनाकर जलाशयों में पानी रोकने से लंबी अवधि में नदी के पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता पर गंभीर असर पड़ेगा। इसके जवाब में, भारत भी अपने हिस्से की नदी पर 10 गीगावाट क्षमता का बांध बनाने की योजना पर काम कर रहा है। हालांकि, यदि चीन नदी के मुख्य प्रवाह को नियंत्रित करेगा, तो भारत की जल जरूरतों का नियंत्रण भी चीन के पास होगा, और भारत को भी पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाना पड़ेगा। दोनों देशों की ये हाइड्रोपॉवर परियोजनाएं इस क्षेत्र के पारिस्थितिकी नुकसान को बढ़ा सकती हैं, जिससे जल पारितंत्र स्थिर हो सकता है और स्वच्छ जल की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। समझना होगा कि सदियों पहले नदियों के साथ बह कर आई जिस मिट्टी ने कभी असम राज्य का निर्माण किया, अब वही द्रुत–व्यापक जलधाराएं इस राज्य को बाढ़ व भूमि कटाव से श्रापित कर रही हैं। ब्रह्मपुत्र, बराक तथा उनकी करीब 50 सहायक नदियों का तेज बहाव अपने किनारे की बस्तियों और खेतों को लगातार उजाड़ता रहा है, जिससे राज्य में कई तरह के संकट उत्पन्न होते हैं, जिनमें विस्थापन और भूमिहीनता प्रमुख हैं। आज भी असम और पूर्वोत्तर के कई इलाकों में बाढ़ के साथ आने वाली तलछट से नई भूमि बनती है, जो वहां की खेती का आधार है। यदि भविष्य में तिब्बत और भारत की सीमा पर बड़े बांधों का निर्माण किया जाता है, तो यह तलछट की आवक को रोक देगा। बांधों और जलाशयों के कारण बड़ी मात्रा में तलछट एकत्र हो जाएगा, जिससे नदी के किनारे कटाव बढ़ जाएगा। चीन में बनाए गए थ्री गोरजेस डैम इसका उदाहरण हैं, जहां बांध के नीचे आने वाली नदियों के किनारों पर कटाव बढ़ा है। भारत में पूर्वोत्तर राज्य पहले ही इस प्रकार के भू–कटाव से प्रभावित हैं। इतनी विशाल मात्रा में भारत के "सिर" पर एकत्र जल–निधि हमारी सुरक्षा को भी खतरा है। यदि भूकंप या किन्हीं प्राकृतिक कारणों से बांध फट जाए या फिर युद्ध की स्थिति में चीन इसका पानी नीचे बहा दे तो भारत को जान–माल का काफी नुकसान हो सकता है। यह क्षेत्र भूकंपीय रूप से संवेदनशील है, और धरती के भीतर से उभरने वाले आंतरिक दबाव के परिणामस्वरूप भूकंप यहां लगातार महसूस किए जाते हैं। यह पूरा इलाका लगातार नमीदार बना रहता है। जलवायु परिवर्तन के कारण सर्वाधिक संवेदनशील तिब्बत के पहाड़ों पर अचानक तेज बरसात, तापमान में बेहद उतार–चढ़ाव, हिमस्खलन, भूस्खलन, और मलबे के बहाव जैसी स्थितियों की मार बहुत गहरी है और उनका पूर्वानुमान जटिल है। चूंकि भारत और चीन के बीच में कभी जल को लेकर कोई संधि हुई नहीं है। वह वास्तविक आंकड़े और गतिविधियां कभी पड़ोसी से साझा नहीं करता। इस बांध के कारण प्रभावित इलाकों में अरुणाचल प्रदेश का वह हिस्सा भी है जिस पर चीन दावा करता रहा है। बता दें कि चीन और पाकिस्तान में मित्रता है, चीन ने पाकिस्तान में काफी निवेश भी किया है। हाल के वर्षों में भारत पाकिस्तान को सिंधु नदी और पंजाब की नदियों का पानी रोकने की धमकी देता रहा है। सिंधु नदी तिब्बत से निकलती है और लद्दाख होते हुए पाकिस्तान में प्रवेश करती है, जहां इसकी पानी की मात्रा नील नदी से भी अधिक है। भारत ने इस नदी के पानी के बंटवारे पर किए गए पुराने समझौतों पर पुनर्विचार की बात की है। ऐसे में संभावना है कि जब चीन अपने बांधों के जल–नियंत्रण पर चर्चा करेगा, तो वह पाकिस्तान की मिसाल सामने रखेगा। चूंकि चीन और भारत दोनों देशों के पास साफ पानी की कमी है और खेती के लिए पानी की आवश्यकता है। यूं भी भविष्य में जल संसाधनों पर अधिक नियंत्रण की चाह सभी देशों में है। एक विशाल जल विस्फोट की आशंका, जैव विविधता व पर्यावरण पर विनाशकारी प्रभावों के मद्देनजर जरूरी है कि भारत ऐसे बांधों को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से सहयोग ले।

पंकज चतुर्वेदी

## करेंट अफेयर्स २२जनवरी

1. हाल ही में कौन सा देश ब्रिक्स समूह का नौवां साझेदार देश बन गया है?
अ. मलेशिया
इ. *नाइजीरिया*
उ. सोमालिया
ऊ. थाईलैंड

2. विश्व बैंक ने भारत के लिए 6.7% की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो वैश्विक वृद्धि दर कितना से अधिक है?
अ. 1.7%
इ. *2.7%*
उ. 3.7%
ऊ. 4.7%

*3. हाल ही में उत्तराखंड सरकार ने 2070 तक "कार्बन न्यूट्रैलिटी" प्राप्त करने के लिए किस देश के साथ सहयोग शुरू किया है?*
अ. फिनलैंड
इ. पोलैंड
उ. *आइसलैंड*
ऊ. नार्वे

4. हाल ही में किस राज्य ने 5वीं बार विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीता है?
अ. उत्तर प्रदेश
इ. तेलंगाना
उ. *कर्नाटक*
ऊ. ओडिशा

5. वर्तमान में भारत वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक देश बन गया है।
अ. पहला
इ. दूसरा
उ. पांचवां
ऊ. *सातवां*

*6. हाल ही में किसके द्वारा कुशल व्यावसायिक दस्तावेज प्रबंधन के लिए "एंटिटी लॉकर" लॉन्च किया गया है?*
अ. आरबीआई
इ. *केंद्र सरकार*
उ. नीति आयोग
ऊ. इनमें से कोई नहीं


7. हाल ही में के रत्नागिरी बौद्ध स्थल में 1,200 साल पुराना बौद्ध मठ मिला है।
अ. महाराष्ट्र
इ. केरल
उ. *ओडिशा*
ऊ. कर्नाटक

8. रबी फसलों की बुआई का कुल क्षेत्रफल इस वर्ष कितने हेक्टेयर के पार पहुंच गया है?*
अ. 340 लाख हेक्टेयर
इ. 440 लाख हेक्टेयर
उ. 540 लाख हेक्टेयर
ऊ. *640 लाख हेक्टेयर*

9. खनन मंत्रालय, किस राज्य सरकार के सहयोग से तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है?
अ. राजस्थान
इ. आंध्र प्रदेश
उ. *ओडिशा*
ऊ. मध्य प्रदेश

10. किस तारीख को तीन पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा का स्थापना दिवस मनाया जाता है?
अ. 20 जनवरी
इ. *21 जनवरी*
उ. 22 जनवरी
ऊ. 23 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1.इ | 6.इ |
| 2.इ | 7.उ |
| 3.उ | 8.ऊ |
| 4.उ | 9.उ |
| 5.ऊ | 10.इ |




(नेताजी सुभाष जयंती (23 जनवरी) पर विशेष)

# कब तक अनसुलझा रहेगा नेताजी की मौत का रहस्य?

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है। उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फामोर्सा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे। 18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई। हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्रायः संदिग्ध माना गया और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं। दरअसल, नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु



का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है। हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था। इस खुलासे के बाद से ही नेताजी की मौत का रहस्य और गहरा गया था। नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के बाद अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है। हालांकि इन तमाम दावों में से किसी का भी कोई पुख्ता सबूत कभी नहीं मिला लेकिन इन दावों को लेकर सच्चाई जानने को लेकर लोगों में सदैव उत्सुकता रही है। उनकी मौत के रहस्य को सुलझाने के लिए कई बार जांच आयोग भी बैठाए गए, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण जांच आयोग न्यायमूर्ति ताराचंद की अध्यक्षता में 1956 में बैठाया गया था।

*– योगेश कुमार गोयल*




परमार्थ निकेतन शिविर में मानस महाकुम्भ का हुआ आयोजन

# मनुष्य के अन्दर की अच्छाई जब बाहर आती है तो रामराज्य की होती है स्थापनाःचिदानन्द



**स्वतंत्र चेतना**

महाकुम्भ नगर। परमार्थ निकेतन शिविर अरैल में स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि मनुष्य के अंदर जब अच्छाई बाहर आती है तो रामराज्य की स्थापना होती है। एक वर्ष पहले ठीक आज ही के दिन 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, जिसके हम सभी साक्षी थे। वह सनातन संस्कृति का एक सिग्नेचर इवेंट था। इस दौरान बुधवार को श्रद्धालुओं को स्वामी संतोषदास( सतुआ बाबा), साध्वी भगवती सरस्वती और मोरारी बापू के हो रही दिव्य मानस कथा में आचार्य सुधांशु महाराज का सान्निध्य भी प्राप्त हुआ।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा वह केवल राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा नहीं, बल्कि राष्ट्र मंदिर की प्रतिष्ठा है, जो पूरे विश्व को संदेश दे रहा है। भारत एक है और विविधता में एकता, भारत की विशेषता है और इसी का दर्शन आज का यह भव्य उत्सव करा रहा है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के अन्दर की अच्छाई जब बाहर आती है तो रामराज्य की स्थापना होती है। समाज का उत्थान होता है और जब बुराई बाहर आती है तो रावण की तरह पतन होता है। लगभग 500 वर्षों की कड़ी तपस्या के पश्चात आज के ही दिन भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई। अब समय है कि हम सब मिलकर हमारे समाज में श्रीराम के आदर्शों को भी स्थापित करें। भारतीय संस्कृति ऐसी है कि जो हमारे पास आया, उसका हमने अभिनन्दन किया । हमारे जो मूल्य, संस्कृति व संस्कार हैं, उनका हम वंदन करें। उन्होंने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि धनवान वह नहीं है, जिसकी तिजोरी में धन भरा हुआ है। बल्कि धनवान तो वह है जिसकी जीवन रूपी तिजोरी सत्य, प्रेम, करूणा व इंसानियत से भरी हुई है।

आचार्य सुधांशु महाराज ने कहा कि एक बार तीर्थराज प्रयाग में ऋषि याज्ञावल्क्य के साथ अनेक ऋषि–महर्षि एकत्र हुए और चर्चा हो रही थी कि संसार में सबसे बड़ा अभागा कौन है। जिसके पास धन नहीं, जिसके पास ज्ञान नहीं है, क्या वह सबसे बड़ा अभागा है। उसी समय व्यास ऋषि खड़े हुए और कहा कि जिसके पास प्रभु का नाम नहीं, वह सबसे बड़ा अभागा है। मोरारी बापू न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में प्रभु का नाम पहुंचा रहे हैं।

# मौनी अमावस्या के पर्व पर प्रयागराज रेल मण्डल चलाएगा हर 4 मिनट में एक ट्रेन

- एक दिन में 150 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन होगा एक कीर्तिमान
- मौनी अमावस्या के स्नानार्थियों के लिए बनाए गये हैं अतिरिक्त होल्डिंग एरिया



**स्वतंत्र चेतना**

महाकुंभ नगर। महाकुम्भ 2025 की प्रयागराज में शुरूआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हो गई है। मकर संक्रांति के दिन महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान पर्व पर उम्मीद से अधिक लगभग 3 .5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया था। अब तक 9 करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुम्भ में स्नान कर चुके हैं। इसी क्रम में महाकुम्भ के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या (29 जनवरी) के लिए तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। प्रयागराज रेल मण्डल ने भी मौनी अमावस्या के दिन करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना तैयार कर ली है जो अपने आप में भारतीय रेलवे के लिए एक कीर्तिमान होगा।

**प्रयागराज के सभी 9 स्टेशनों से दिशावार मेला स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन**

दिव्य–भव्य महाकुम्भ 2025 में प्रयागराज आकर संगम स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के सभी रिकार्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मकर संक्रांति के पहले अमृत स्नान के दिन लगभग 3 .5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया, जिनके लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने 101 मेला स्पेशल ट्रेनें चलानी गई थी। जो अपने आप में एक रिकार्ड था। इसी अनुरूप रेल प्रशासन महाकुम्भ के सबसे बड़े अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिए भी तैयारियां कर रहा है। मेला प्राधिकरण का अनुमान है कि मौनी अमावस्या के दिन 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम स्नान करेंगे। जिनमें से दस से बीस फीसदी श्रद्धालुओं के ट्रेन से आने का अनुमान है। जिनके लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। ट्रेनों के अवागमन के साथ यात्रियों के ठहरने और सही ट्रेनों तक पहुंचने के लिए कलर कोडिंग के आधार पर टिकट और अतिरिक्त आश्रय स्थलों का प्रबंध कर लिया गया है।

मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के लिए रेलवे की तैयारियों के बारे में बताते हुए प्रयागराज रेलवे के सीनियर पीआरओ अमित मालवीय ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज रेलवे 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। सबसे अधिक ट्रेने प्रयागराज जंक्शन से चलेंगी, इसके अलावा मण्डल के अन्य स्टेशनों से दिशावार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा नियमित ट्रेनों का संचालन भी समयानुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी स्टेशन से एक दिन में 150 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन करना अपने आप में एक कीर्तिमान होगा। कुम्भ 2019 में मौनी अमावस्या के पर्व पर लगभग 85 मेला स्पेशल ट्रेनों का ही संचालन हुआ था। उन्होंने बताया कि प्रयागराज रेलवे से चलने वाली नियमित ट्रेनों और स्पेशल ट्रेनों की संख्या के अनुमान से मौनी अमावस्या के दिन लगभग हर 4 मिनट पर एक ट्रेन का होगा संचालन।

# सनातनी रीति–नीति व संस्कारों पर चलने से ही धर्मान्तरण व लव जिहाद पर लगेगी रोकः नीरज

सनातन की परम्पराओं के अनुसार महाकुंभ में अद्धितीय व्यवस्थाएं की गयीं



**स्वतंत्र चेतना**

महाकुंभनगर। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कहा कि सनातन के मूल्यों पर सनातन की परम्परा पर अपने सनातनी होने पर अपने हिन्दू होने पर गर्व होना चाहिए कि हम हिन्दू हैं। हमारे सनातनी और हिन्दू जीवन मूल्य हैं, उनका पालन करने की रीति–नीति व संस्कारों पर चलने की आवश्यकता है। इससे ही धर्मान्तरण व लव जिहाद पर रोक लगायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सनातन के विचार पूरी दुनिया में फैलाने की आवश्यकता है। हम सर्वे भवन्तु सुखिनः व वसुधैव कुटुम्बकम को मानने वाले हैं। सनातन का प्रभाव बढ़ेगा तभी विश्व का कल्याण होगा।

नीरज दौनेरिया ने कहा कि सनातन की अनुभूति कितनी गहरी होती है, उसकी आस्था कितनी अधिक निष्ठावान होती है, समर्पण युक्त होती है। भक्ति में कितनी शक्ति होती है, महाकुंभ में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देती है। इस धरा पर अगर सबसे पहले कुछ था तो सनातन था। प्रयागराज महाकुंभ पूरी दुनिया को सनातन की जड़ें कितनी गहरी हैं सनातन कितना प्राचीन है।

उन्होंने कहा कि 2025 का प्रयागराज महाकुंभ 144 वर्षों के बाद आया है। हमारे कोई जरूर ऐसे पुण्य जागृत हुए हैं हमसे जरूर पूर्व जन्म में कोई पुण्य कार्य हुआ है जिसके कारण यहां आ सके और यहां का विहंगम दृश्य देख सके। अपनी इन आंखों से करोड़ों लोगों को संगम की तरफ जाते हुए देखा। बड़े–बड़े संत जिनके नाम हम सुनते हैं जो सनातन के मर्मज्ञ हैं ऐसे महान संतों को उनके अखाड़ों को नागाओं की साज–सज्जा उनके धार्मिक चिन्हों साथ गंगा के ओर जाते हुए गौरव की अनुभूति होती है कि हमारे सनातन में कितनी गवार्नुभूति होती है। महाकुंभ में करोड़ों लोग यहां आये समरस होकर आये। न जाति न पांति। हिन्दुओं को जो बांटने की बात करते हैं। करोड़ों लोग यहां आये। दुनिया में इतना विशाल कोई आयोजन कोई कर नहीं कर सका। यहां सनातन की परम्परा के अनुसार स्वतः आयोजन हो जाता है। बिना किसी निमंत्रण के करोड़ों लोग डुबकी लगाने आते हैं।

महाकुम्भ की व्यवस्थाओं के बारे में उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ स्वयं एक संत व सन्यासी हैं। कुंभ का क्या महत्व होता है वह जानते हैं। उन्होंने सहृदयता के भाव से अद्धितीय व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि पहले के कुंभ में हम भी रह चुके हैं लेकिन इतने बड़े पैमाने पर इतनी व्यवस्थाओं के साथ पहली बार की गयी है। पूरा मेला क्षेत्र साफ सुथरा दिख रहा है। सनातन के प्रति गहरी जानकारी मिल रही है। जो कल्पवासी यहां आये उनकी क्या आवश्यकताएं हैं उनके लिए कुटिया बनायी गयी है। सनातन की परम्पराओं के अनुसार योगी आदित्यनाथ ने अद्धितीय व्यवस्थाएं की है। न भूतो न भविष्यति। योगी आदित्यनाथ वर्तमान समय में अपने सनातन के विचारों को लेकर अपने निर्णय को लेकर उन निर्णयों को पालन कराने के मामले में हिन्दू जनमानस के बीच व्यापक जगह बनाई है।

# जीवन में औषधि के समान है यज्ञ : स्वामी आनंद स्वरूप



**स्वतंत्र चेतना**

महाकुंभ नगर। जीवन में औषधि के समान यज्ञ है। इससे पर्यावरण शुद्ध होता है। जिससे आत्मा पवित्र होती है। परिवार में शांति एवं समृद्धि के लिए हर घर में यज्ञ का आयोजन होना चाहिए। महाकुंभनगर के शांभवी पीठ स्थित शिविर में शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप महाराज के सान्निध्य में सहस्त्र चंडी यज्ञ एवं मां शांभवी की चल प्रतिष्ठा संपन्न हुई।


शांभवी पीठाधीश्वर ने कहा, हर सनातन धर्मी यज्ञ में विश्वास करता है। महाकुंभ शांति पूर्ण ढ़ंग से संपन्न हो, इसके लिए विशेष पूजा–अर्चना की गयी। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ यज्ञ में आहूति दी गयी। यज्ञ में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं आवाहन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरि भी शामिल हुए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उनकी शांभवी पीठ के प्रति गहरी आस्था है। इसीलिये वे सहस्त्र चंडी यज्ञ में भाग लेने आये हैं।

इस अवसर पर ज्योतिष पीठ के गोविन्दानंद सरस्वती, स्वामी प्रकाशानंद, साध्वी प्रज्ञा भारती, सर्वेश्वरानंद भारती, विश्वेश्वरानंद भारती, भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, पूर्व मंत्री सुनील बराला, वरिष्ठ पत्रकार रवि उपाध्याय आदि उपस्थित थे। इन लोगों ने भी यज्ञ में आहूति दी।

# महाकुम्भ में भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र बना श्री आदि शंकर विमान मंडपम

» इसी स्थान पर आदि शंकराचार्य और कुमारिल भट्ट के बीच हुआ था संवाद
» द्रविड़ियन आर्किटेक्चर का नायाब उदाहरण है मंदिर





**स्वतंत्र चेतना**

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज की पुण्य भूमि पर स्थित आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बन रहा है। मंदिर की आभा ऐसी है कि वो श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच ही लेती है। इसी आभा के आकर्षण में स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ समय पूर्व मंदिर में विग्रहों के दर्शनों के लिए आ चुके हैं। वहीं देश के शीर्ष उद्योगपति गौतम अदानी भी अपने परिवार सहित मंगलवार को यहां पहुंचे। गौतम अदानी के यहां आने के बाद एक बार फिर पूरे देश में आदि शंकर विमान मंडपम को लेकर श्रद्धालुओं में काफी रुचि देखी जा रही है।

**आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक**

प्रयागपुत्र के नाम से विख्यात राकेश शुक्ला ने बताया कि आदि शंकर विमान मंडपम, जो कुम्भ क्षेत्र में भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है।मंगलवार को प्रमुख उद्योगपति गौतम अदानी ने यहां पूजा अर्चना की। मंदिर के मुख्य द्वार पर स्वामी काशी मनी के मार्गदर्शन में 51 वैदिक ब्राह्मणों ने स्वस्ति वाचन के साथ उनका भव्य स्वागत किया। मंदिर प्रांगण में स्थित गीता प्रेस द्वारा निर्मित आरती संग्रह पगोडा पर उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ संवाद किया। यह आत्मीय वार्ता न केवल उनकी आध्यात्मिक आस्था को प्रकट करती है, बल्कि समाज के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता और जुड़ाव का परिचय भी देती है।

**शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती ने कराया मंदिर निर्माण**

कांचिकामकोटि के 69वें पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती ने अपने गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती की इच्छापूर्ति के लिए श्री आदि शंकर विमान मंडपम् का निर्माण कराया। गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती ने वर्ष 1934 में प्रयाग में चातुर्मास किया था। उन दिनों वो दारागंज के आश्रम में रुके थे। प्रतिदिन पैदल संगम स्नान को आते थे। उस दौरान बांध के पास उन्हें दो पीपल के वृक्षों के बीच खाली स्थान नजर आया। गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती ने धर्मशास्त्रों का अध्ययन किया और स्वयं के तपोबल से यह साबित किया कि इसी स्थान पर आदि शंकराचार्य और कुमारिल भट्ट के बीच संवाद हुआ था। इसी स्थान पर गुरु चंद्रशेखरेंद्र ने मंदिर बनाने की इच्छा व्यक्त की थी, जिसे शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती ने पूर्ण किया।

**17 वर्ष लगे मंदिर निर्माण में**

श्री आदि शंकर विमान मंडपम् की नींव वर्ष 1969 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल बी. गोपाल रेड्डी ने रखी थी। तब इंजीनियर बी. सोमो सुंदरम् और सी.एस. रामचंद्र ने मंदिर का नक्शा तैयार किया था। मंदिर प्रबंधन के साथ उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने भी निर्माण में सहयोग दिया था। जिन 16 पिलर्स पर मंदिर टिका है, उनका निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के तत्कालीन असिस्टेंट इंजीनियर कृष्ण मुरारी दुबे की देख–रेख में कराया गया था। 17 मार्च 1986 को मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। श्री आदि शंकर विमान मंडपम् में विग्रह और निर्माण में प्रयोग किए गए पत्थर दक्षिण भारत से लाए गए हैं। मंदिर द्रविड़ियन आर्किटेक्चर का नायाब उदाहरण है।


**130 फीट ऊंचा है मंदिर**

130 फीट ऊंचे इस मंदिर में श्री आदि शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित की गई है। देवी कामाक्षी और 51 शक्तिपीठ के अलावा तिरुपति बालाजी और सहस्त्र योग लिंग के साथ 108 शिवलिंग मंदिर में स्थापित हैं। गणेश जी का मंदिर भी है।

मंदिर प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे और सायं 4 से रात्रि 8 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है। मंदिर के ऊपरी तलों से संगम का विहंगम दृश्य देखने को मिलता है। महाकुम्भ में भी श्री आदि शंकर विमान मंडपम् में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शनों के लिए आ रहे हैं।

# हर्षा रिछारिया ने कैलाशनंद के पंडाल छोड़ा

अब रविंद्र पुरी के आश्रम में रहेंगी, शाही रथ पर बैठकर फिर स्नान करने जाएंगी



**स्वतंत्र चेतना**

प्रयागराज। महाकुंभ में पेशवाई के रथ पर बैठने चर्चा में आईं हर्षा रिछारिया ने कैलाशानंद महाराज का पंडाल छोड़ दिया है। अब अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी के संरक्षण में रहेंगी। हर्षा ने रविंद्र पुरी को अपना पिता बताया। हर्षा ने कहा– मैं फिर से शाही रथ पर बैठकर अमृत स्नान करने जाऊंगी।

रविंद्र पुरी ने चुनरी ओढ़ाकर हर्षा रिछारिया का स्वागत किया। हर्षा ने भी रविंद्र पुरी को पिता बताया। कैलाशानंद और रविंद्र पुरी दोनों निरंजनी अखाड़े से जुड़े है। कैलाशानंद का पंडाल सेक्टर –9 में है, जबकि रविंद्र पुरी का पंडाल सेक्टर 20 में है। यानी अब हर्षा रिछारिया का नया पता सेक्टर–20 होगा।

**हर्षा बोलीं– बेटी को पिता का साथ मिला**

हर्षा ने कहा– मैं अपने घर में ही आई हूं। मैं अपने महाराज जी के पास ही आई हूं, जिनका आशीर्वाद मेरे साथ बना हुआ है, जिनका हाथ मेरे सिर पर है। अगर वह मेरे साथ हैं, तो मुझे और क्या हो सकता है। एक पिता का साथ अगर बेटी को मिल गया तो उसको और किसकी जरूरत है।

**युवाओं का रुख धर्म की तरफ करने आई हूं**

हर्षा ने कहा– जैसा कि मैंने पहले भी कथा था कि मैं यहां पर धर्म को जानने के लिए आई हूं। मैं धर्म से जुड़ने के लिए आई हूं। समाज में जागरूकता फैलाने के लिए आई हूं और युवाओं का रुख धर्म की तरफ करने के लिए आई हूं। मैं उम्मीद करती हूं कि जब महाराज जी का आशीर्वाद मेरे सिर पर है तो मैं धर्म की तरफ लोगों को ला पाऊंगी।

**कुछ शब्दों से मुझे बहुत ज्यादा तकलीफ हुई**

हर्षा ने कहा– कुंभ छोड़कर जाने के सवाल पर हर्षा रिछारिया ने कहा कि कुछ शब्दों से मुझे बहुत ज्यादा तकलीफ हुई। मैं उतनी उम्मीद नहीं कर रही थी कि प्रयागराज जाकर ऐसा कुछ मैं सुनूंगी। लेकिन, जब मैंने सुना तो उससे मुझे तकलीफ हुई। कहीं ना कहीं महाराज जी ने मुझे हौसला दिया है, उन्होंने मेरा साथ दिया।

**युवाओं के फोन–मैसेज के बाद वापसी की**

हर्षा ने कहा– देश के तमाम युवाओं ने मैसेज, कॉल्स और ईमेल्स करके कहा कि अगर आप चली गईं तो हम भी धर्म के लिए मुड़ना नहीं चाहेंगे। हम जहां हैं वहीं रहना पसंद करेंगे। इसके बाद मैंने वापसी का मन बदला। इस रास्ते में अगर इतनी चुनौतियां होती हैं तो हम धर्म से दूर ही ठीक हैं। कहीं ना कहीं यह चुनौतियां फेस करते हुए मैं आगे बढ़ूंगी और देश के तमाम युवाओं को जो मेरी तरह भटके हुए हैं धर्म की तरफ जरूर लेकर आऊंगी।

हर्षा रिछारिया ने कहा– मेरे आंसू खुशी और दुख दोनों बयां करते हैं। महाराज जी का साथ मिलने के बाद अब खुशी ज्यादा बयां करते हैं। हमारे वेद, शास्त्र और पुराणों में नारी को हमेशा दुर्गा शक्ति के रूप में पूजा गया है। महाराज जी मेरे पिता तुल्य हैं, मैं उनकी बेटी हूं। उनका हाथ मेरे सिर पर है। अब मुझे नहीं लगता कि मुझे कोई भी झुका सकता है, तोड़ सकता है। अब मैं पूरे महाकुंभ में रहूंगी। यह मेरी कोशिश रहेगी, बाकी ईश्वर की मर्जी।

# भारत सेवाश्रम संघ कर रहा समाज सेवा में मिशाल कायम : महंत गिरि



**स्वतंत्र चेतना**

महाकुम्भ नगर। दूधेश्वर पीठाधीश्वर व पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरि जहां एक और सनातन धर्म का प्रचार–प्रसार कर रहे हैं, वहीं समाज सेवा के क्षेत्र में भी मिसाल कायम कर रहे हैं। उनके कार्यो से प्रभावित होकर ही विश्व भर में समाज व मानव सेवा करने वाली विश्व के प्रमुख संस्था भारत सेवाश्रम संघ द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। भारत सेवाश्रम संघ द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में महंत नारायण गिरि को माल्यार्पण कर, पटका पहनाकर व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया।

संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि महंत नारायण गिरि ने नशे जैसी सामाजिक बुराईयों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। महंत गिरि ने कहा कि भारत सेवाश्रम संघ जो पूरे विश्व में सनातन धर्म व भारत की वैदिक संस्कृति का प्रचार–प्रसार करने के साथ पूरे विश्व में सामाजिक सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, बुजुर्गों की सेवा की मिसाल कायम कर रही है। भारत सेवाश्रम संघ की स्थापना वर्ष 1917 में सन्त आचार्य श्रीमद् स्वामी प्रणवानन्द महाराज ने की थी। पूरे भारत ही नहीं पूरे विश्व में इसके केन्द्र हैं। दैवी आपदा, सामाजिक मेले आदि पर इसके कैम्प लगाकर सेवा और सहायता का कार्य करते हैं। भारत सेवाश्रम संघ मुम्बई के वाशी गांव में कैंसर के रोगियों के लिये निशुल्क आवास एवं भोजनादि की व्यवस्था भी करता है। प्रयागराज महाकुंभ में भी कैम्प लगाकर भारत सेवाश्रम संघ संतों व भक्तों की निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है।

# डीजीपी ने संगम में डुबकी लगाई, कहा, मकर संक्रांति से अमावस्या पर बेहतर होगी व्यवस्था



**स्वतंत्र चेतना**

महाकुम्भ नगर। कैबिनेट बैठक के बाद सभी कैबिनेट मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संगम में स्नान करेंगे। उसकी तैयारी हमने पूरी कर ली है। यह बात बुधवार सुबह त्रिवेणी संगम में स्नान करने के बाद मीडिया से उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कही।उन्होंने कहा कि हम मकर संक्रांति से बेहतर व्यवस्था करेंगे। सभी सेवाएं और सुविधाएं है। मौनी अमावस्या के लिए हम इसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। हमने मौनी अमावस्या स्नान पर्व को लेकर अधिक मैनपावर जोड़ा है। आने–जाने के रास्ते में बेहतर सुविधाएं दी जाएगी। उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बुधवार सुबह प्रयागराज में आस्था, समता और एकता के महासमागम ह्यमहाकुम्भ–2025 पवित्र संगम में आस्था और विश्वास की डुबकी लगाकर माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पीएम सूर्य घर योजना का मुख्य उद्देश्य है बिजली के बिलो से राहत प्रदान करना : ईओ

देवीगंज, कौशांबी। नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम कार्यालय में बुधवार को व्यापार मंडल पदाधिकारियों की एक बैठक आहूत हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष रागिनी अरुण केशरवानी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में व्यापारियों

### बैठक के दौरान व्यापारियों को पीएम सूर्य घर योजना की दी गई जानकारी

की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिया गया। वहीं, पीएम सूर्य घर योजना के बारे में भी चर्चा की गयी।

इस दौरान प्रदीप कुमार व सौरभ ने उपस्थित लोगों को पीएम सूर्य घर योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए उसमें मिलने वाली सब्सिडी आदि के बारे में जानकारी दी। बैठक के दौरान अधिशाषी अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि इस योजना के


ईओ को पुष्प गुच्छ भेंट करतीं नगर पंचायत अध्यक्षा रागिनी केसरवानी

संचालन से बिजली बिल में कमी, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। पीएम सूर्य घर योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को बिजली के बिलो से राहत प्रदान करना है। इस योजना के तहत सरकार की ओर से लोगों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाने के लिए सब्सिडी भी दी जाएगी। जिससे पर्यावरण को भी फायदा होगा। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा नवागत अधिशाषी अधिकारी संजय तिवारी को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर नीरज साहू, मोमिन अंसारी, मोनू मोदनवाल, खुरशेद अहमद, अंकित साहू, शिवम मौर्या, सुजीत कुमार, प्रकाश बाबू आदि लोग उपस्थित रहे।

## मां दुर्गा सेवा समिति द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

स्वतंत्र चेतना

अजुहा, कौशांबी। अजुहा कस्बे के वार्ड न. नौ इंदिरा नगर में मां दुर्गा सेवा समिति व नगर के सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित शिव राम मिश्र द्वारा हवन पूजन के बाद आयोजकों द्वारा कन्या भोज का आयोजन हुआ। जिसके बाद विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ।

जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रसाद पाने को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कमेटी व भक्तों ने मौके पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया। इस मौके पर मां दुर्गा सेवा समिति कमेटी के अध्यक्ष जगदीश केसरवानी, कोषाध्यक्ष संजीव केसरवानी, उमेश केसरवानी, संजीत, कौशल, प्रदीप केसरवानी, राकेश केसरवानी, नीरज कुमार पटवा, बंटा भाई, संजय केसरवानी, कंधई लाल, फूलचंद केसरवानी समेत तमाम कस्बाई मौजूद रहे।

# यातायात जागरूकता के लिए निकाली रैली, नियमों का पालन करने की किया अपील


यातायात जागरूकता रैली निकालते तिलगोड़ी विद्यालय के छात्र व शिक्षक

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। नेवादा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में सड़क दुर्घटना के बचाव हेतु प्रधानाध्यापक डॉ. राम नेवाज सिंह की अगुवाई में सड़क सुरक्षा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई।

रैली में शिक्षक शिक्षिकाओं ने जानकारी देते हुए बताया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें और कार चलाते समय सीट बेल्ट बांधे कोई भी वाहन चलाते समय मोबाइल से बात ना करें, चैराहों पर लगी रेड लाइट पार ना करें, चैराहे में पैदल पार करने के लिए जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करें।

नशा की हालत में कोई भी वहां ना चलाएं, 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर ही वाहन चलाएं, यातायात नियमों का अनुपालन करके आप सुरक्षित रहे। इस दौरान ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार, शिक्षिका सुनीता सिंह, कविता चैधरी, मधु सोनकर, नीलम, बबिता केसरवानी, सरोज देवी, पवन कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# छह माह से लगातार अनुपस्थित शिक्षिका की होगी सेवा समाप्त

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को विकास खंड मूरतगंज के उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में डीएम ने पाया की उच्च प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर में

### डीएम ने बीएसए को शिक्षिका पर कार्यवाही करने के दिये निर्देश, शिक्षा मित्र का भी रुकेगा मानदेय

तैनात सहायक अध्यापिका अलका बिना किसी सूचना के 22 जुलाई से लगातार विद्यालय में अनुपस्थित चल रहीं है। लापरवाही पर डीएम ने बीएसए डा. कमलेंद्र कुशवाहा को सहायक अध्यापिका अल्का की सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया है।

इस दौरान विद्यालय में नामांकित 155 के सापेक्ष 55 छात्र उपस्थित मिले।

इसी के साथ प्राथमिक विद्यालय अरई सुमेरपुर के निरीक्षण के दौरान


परिषदीय विद्यालय अरई सुमेरपुर में उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते डीएम

शिक्षा मित्र मालती कुशवाहा बिना सूचना के अनुपस्थित मिलीं।

विद्यालय में कुल नामांकन 255 के सापेक्ष 65 छात्र उपस्थित पाये गये।

विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति कम मिलने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रों की उपस्थिति बढ़ाए जाने एवं विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिया। साथ ही बीएसए को अनुपस्थित शिक्षामित्र का निरीक्षण तिथि का मानदेय अवरुद्ध करने का निर्देश दिया है।

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर जगह-जगह निकाली गई शोभायात्रा


बलीपुर नारा में धर्म ध्वजा लेकर शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। श्रीधाम अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर जनपद में जगह-जगह हर्षोल्लास का माहौल रहा। जिले के विभिन्न क्षेत्रों व कस्बों में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रीराम के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा।

नारा बलीपुर में राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, श्यामू, प्रीतम मौर्य, भाजपा जिलामंत्री नीरज मोदनवाल द्वारा सामूहिक रूप से रैली निकालकर नारा बाजार स्थित हनुमान मंदिर में भव्य पूजा पाठ का आयोजन हुआ। कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और आये हुए लोगों को प्रसाद वितरित गया। इस दौरान वेद प्रकाश, साजन लोधी, सुनील मौर्य, मनदीप दिवाकर आदि तमाम लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष यशराज मिश्रा व कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से चक सैनी स्थित हनुमान मंदिर में भव्य पूजा पाठ कर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और आये हुए लोगों को प्रसाद वितरित गया। इस दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री अनुराग भट्ट, जिला मंत्री अंकुश मिश्रा, कड़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, मंत्री मान सिंह मौर्या, छोटू विश्वकर्मा, दिलीप कुमार, आशीष तिवारी, राघव पंडा, सतीश पंडा, हरदीप पटेल, सालू श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। करारी कस्बे में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर विश्व सनातन महासंघ व विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा प्रमुख चैराहा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से शुरू होकर किंग नगर, अशोक नगर, सोनारन टोला, इंद्रा नगर, नई बाजार होते हुए इंटर कालेज के समीप हनुमान मंदिर पर जाकर समाप्त हुई।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, सरसवां, कौशाम्बी

पत्रांक 2009/लेखा/निविदा/ क्षे0पं0/2023-24 दिनांक- 21-01-2025

## अल्पकालीन निविदा

क्षेत्र पंचायत सरसवां, जनपद कौशाम्बी में पंजीकृत ठेकेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पंचम/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजना वर्ष 2024-2025 के अन्तर्गत प्राप्त/ प्राप्त होने वाली धनराशि से निम्न परियोजनाओं का निर्माण/ सामग्री आपूर्ति प्राप्त किया जाना है। क्षेत्र पंचायत सरसवां में पंजीकृत ठेकेदारों/ आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा है कि सामग्री आपूर्ति/ परियोजना के निर्माण हेतु हेतु निर्धारित समय सीमा के अन्दर अपने- अपने निविदा प्रपत्र सीलबन्द लिफाफे में विकास खण्ड कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डालना सुनिश्चित करेगे। निविदा फार्म की बिक्री दिनांक 22.01.2025 से 28.01.2025 समय अपरान्ह 02.00 बजे तक की जायेगी। निविदा दिनांक 29.01.2025 से दिनांक 11.02.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निर्धारित समय सीमा के बाद आने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा पत्र के साथ आवश्यक वैध प्रपत्र जैसे पैनकार्ड, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्रप्रमाण पत्र, ठेकेदारी/ आपूर्तिकर्ता पंजीकरण प्रमाण पत्र, शपथ पत्र (स्टाम्प रू0 10.00) एवं स्टाम्प रू0 100.00 आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है, प्राप्त निविदाएं दिनांक 12.02.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा, अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी। निविदा मूल्य के रूप में जमा की जाने वाली धनराशि बैंक ऑफ बड़ौदा कुम्यिांवा में खुले खाता सं0 13690100005769(खण्ड विकास अधिकारी सरसवां शाखा कुम्हियावां, IFSC CODE BARBOSARSAW)में जमा कर कार्यालय से निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है एवं धरोहर से सम्बन्धित 02/10 प्रतिशत धनराशि खण्ड विकास अधिकारी,सरसवां के पक्ष में बन्धक एफ0डी0आर0 के माध्यम से देय हो, को आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा डालने वाले ठेकेदार किसी भी दशा में अन्य संस्था में काली सूची में न हो। किसी एक निविदा को अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। निविदा निरस्त किये जाने की दशा में निविदा मूल्य वापस नहीं की जायेगी। एवं न ही उक्त निविदा मूल्य का समायोजन आगे किया जायेगा। निविदा की शर्तो, निविदा फार्म एवं अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय में सम्बन्धित पटल से सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | परियोजना का नाम | परियोजना की लागत (रू0 लाख में) | निविदा का मूल्य (रू0) 500.00 +18प्रति. GST सहित | कार्य का माप | धरोहर धनराशि रू0 (2/10 प्रति.) | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम पंचायत बरौला में मेन रोड से कम्पोजिट विद्यालय के पास शिव मन्दिर तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 9.97 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 20,000.00 1,00,000.00 | 06माह |
| 2. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम पंचायत सरसवां में सी0एच0 सी0 सेन्टर में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 9.50 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 19,000.00 95,000.00 | 06माह |
| 3. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम पंचायत सरसवां में सी0एच0 सी0 सेन्टर में बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं जल आपूर्ति कार्य। | 9.32 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 18,700.00 93,500.00 | 06माह |
| 4. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम पंचायत सरसवां कालोनी मेन रोड से देवराज पाल के घर तक नाली एवं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 4.87 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 9,800.00 49,000.00 | 06माह |
| 5. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम पंचायत सरसवां में डामर रोड से बिरेन्द्र सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 9.76 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 19,520.00 97,600.00 | 06माह |
| 6. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम पंचायत चांदेरायी में हरनाथ सिंह के घर से आर0आर0सी0 सेन्टर तक खडण्जा निर्माण कार्य | 7.85 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 15,720.00 78,600.00 | 06माह |
| 7. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम पंचायत अलवारा में भगवती लोध के घर से डकशरीरा सम्पर्क मार्ग तक खडण्जा निर्माण कार्य | 9.97 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 20,000.00 1,00,000.00 | 06माह |
| 8. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम पंचायत डेढ़ावल में मेन रोड से भजन का डेरा तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 9.97 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 20,000.00 1,00,000.00 | 06माह |
| 9. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सरसवां में पी0वी0सी0 पैनल अधिष्ठापन का कार्य। | 5.79 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 11,600.00 58,000.00 | 06माह |
| 10. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम सभा शाहपुर में साधन सहकारी समिति परिसर में इण्टरलांकिग निर्माण कार्य। | 9.98 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 20,000.00 1,00,000.00 | 06माह |
| 11. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | डहरई में बड़ी नहर से घनश्याम पासी के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 9.97 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 20,000.00 1,00,000.00 | 06माह |
| 12. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम पंचायत रक्सौली में मेन रोड अमरूद के बाग से बरूआ सम्पर्क मार्ग तक खडण्जा निर्माण कार्य | 9.97 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 20,000.00 1,00,000.00 | 06माह |
| 13. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम सभा निखोदा में प्राथमिक विद्यालय के पास रोड से डक-शरीरा सम्पर्क मार्ग में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.92 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 20,000.00 1,00,000.00 | 06माह |
| 14. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम पंचायत रक्सौली में महेवा से पश्चिम शरीरा मेन रोड से रक्सौली गांव तक खडण्जा निर्माण कार्य | 9.97 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 20,000.00 1,00,000.00 | 06माह |
| 15. | पं0वि0आ0/ के0वि0आ0 | ग्राम सभा हटवा में रमेश चन्द्र के घर से मार्केट तक नाली निर्माण कार्य। | 3.47 | 590.00 | प्राक्कलन के अनुसार | 6,950.00 34,750.00 | 06माह |

**अवर अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग**
**सरसवां कौशाम्बी**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सरसवां कौशाम्बी**

**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत सरसवां**
**कौशाम्बी**


# क्रांतिकारियों की शहादत का हमेशा कर्जदार रहेगा देश : शालिनी सिंह

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह की जयंती पर सिराथू ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जानकीपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन किया गया।

शिक्षिका शालिनी सिंह के नेतृत्व

### शिक्षिका ने छात्रों को दी जानकारी, वेद मंत्रों और वंदे मातरम का उद्घोष कर फांसी पर झूले थे ठाकुर रोशन सिंह

में हुए कार्यक्रम में बच्चों ने क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह के जीवन से जुड़ी कविताएं, निबंध, पोस्टर आदि बनाए। तत्पश्चात शिक्षिका ने छात्रों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया।


रोल प्ले के माध्यम से शहीद रोशन सिंह के बारे में बताती शिक्षिका शालिनी सिंह

अव्वल छात्रों को पुरस्कृत करते हुए बताया कि शहीदों की शहादत का मुल्क हमेशा कर्जदार रहेगा। भारत देश को आजाद कराने में ठाकुर रोशन सिंह की अहम भूमिका रही। उन्हें प्रयागराज जनपद के नैनी में फांसी दी गई। उनका जन्म शाहजहांपुर जिले के नबादा गांव में 22 जनवरी 1892 को हुआ था। उनकी माता का नाम कौशल्या देवी और पिता का नाम ठाकुर जंगी सिंह था। ठाकुर रोशन सिंह ने छह दिसंबर 1927 को प्रयागराज के नैनी जेल की काल कोठरी से अपने एक मित्र को पत्र में लिखा था कि एक सप्ताह के भीतर ही उन्हें फांसी होगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप मेरे लिए रंज हरगिज न करें। मेरी मौत खुशी का कारण होगी। इसी के साथ उन्होंने एक शेर भी लिखा- जिंदगी जिंदा-दिली को जान ऐ रोशन, वरना कितने ही यहां रोज फना होते हैंकृ। फांसी से पहली की रात ठाकुर रोशन सिंह कुछ घंटे सोए। फिर देर रात से ही ईश्वर भजन करते रहे। प्रात:काल शौच आदि से निवृत्त हो यथानियम स्नान-ध्यान किया। कुछ देर गीता पाठ में लगाया फिर पहरेदार से कहा.. चलो.. अंग्रेज हैरत से देखने यह कोई आदमी है या देवता। उन्होंने अपनी काल कोठरी को प्रणाम किया और गीता हाथ में लेकर निर्विकार भाव से फांसी घर की ओर चल दिए। फांसी के फंदे को चूमा फिर जोर से तीन बार वंदे मातरम का उद्घोष किया और वेद मंत्र का जाप करते हुए फंदे से झूल गए।

# राशन कार्ड बनवाने के नाम पर महिला से फोन पर अश्लीलता

स्वतंत्र चेतना

करारी, कौशांबी। करारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रंगमिजाज कोटा संचालक पर गांव की ही एक महिला का

### कोटा संचालक की रंगमिजाजी से परेशान महिला ने पुलिस से किया शिकायत

राशन कार्ड बनवाने के नाम पर अश्लीलता का मामला सामने आया है। आरोप है कि कोटेदार ने मोबाइल पर अश्लील बात की और मैसेज भेजा। कोटा संचालक की रंगमिजाजी से परेशान महिला ने बुधवार को स्थानीय थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत की है।

करारी के एक गांव की महिला ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वह गांव के कोटेदार के पास राशन कार्ड बनवाने के लिए गई थी। तभी से आरोपी कोटेदार महिला का मोबाइल नंबर पा गया। लाल राशन कार्ड बनवाने के बहाने पहले दोस्ती का हवाला दिया। इसके बाद अश्लील मैसेज भेजने लगा। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जिलाधिकारी ने जनकल्याणकारी योजनाओं का भौतिक निरीक्षण कर लिया जायजा

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को तहसील सिराथू के बिछौरा गांव में जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, पेयजल आपूर्ति तथा जीरो पॉवर्टी परिवारों का सर्वे किये जाने विषयक योजनाओं का भौतिक निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामसभा में बने प्रधानमंत्री आवासों का जायजा लिया। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गयी पानी टंकी का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने वहॉ पर जीरो पॉवर्टी के परिवारों का सर्वे कराये जाने से संबंधित योजना का भी भौतिक निरीक्षण किया।

## जिलाधिकारी ने निरस्त की 27 जनसेवा केंद्रों की आईडी

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन के कार्य में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 27 सीएससी सेंटरों जिसमें अभिमन्यु सिंह बिदनपुर आमद कारारी, विनोद कुमार दनियालपुर, राज बाबू चायल, विपिन कुमार भदवां, मो. गुलाम वारिस कसिया, शहजाद निजाममई, अनीस कुमार जरैनी, पुनवार, अमित कुमार तैयबापुर मंगौरा, मो. हसन पंडीरी, राजेश अग्रहरि बउली, आनन्द राज मिश्रा जाठी, मनीष केसरवानी पूरब शरीरा, सोनू कुमार कादिराबाद, अरविन्द कुमार रसूलपुर बड़गांव, सोमनाथ शुक्ला मंझनपुर, सेजी अहमद त्रिलोकपुर, सोनू कुमार सिराथू, अंजनी कुमार पांडेय हिसामपुर परसखी, रामू निजामपुर नौगीरा, मो. अमन घोइसा, अनीस कुमार जरैनी एवं आकांक्षा कुमारी चायल की आईडी निरस्त करने के निर्देश दियें।

## आत्महत्या करने रेलवे लाइन पहुंचे युवक को लोगो ने बचाया

स्वतंत्र चेतना

भरवारी, कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नं0-17 सरजूदास नगर खलीलाबाद निवासी मिलन पटेल पुत्र स्व. गयादीन अपनी मां से किसी बात को लेकर झगडा करने के बाद गांव के समीप गुजरी रेलवे लाइन पर आत्महत्या करने पहुंच गया। घर वालो व मुहल्ले के लोगों ने युवक को पकड़कर उसकी जान बचाई और समझा बुझाकर घर ले गए। लोगों का कहना था

# सरकारी नौकरी छोड़ शुरू किया बिजनेस, 2 करोड़ रुपये के करीब पहुंचा टर्नओवर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पढ़ाई-लिखाई के बाद जहां ज्यादातर लोगों का सपना सरकारी नौकरी पाने का होता है तो वहीं कुल लोग लीक से हटकर सोचते हैं। ऐसा ही कुछ किया डॉ. कामिनी सिंह ने। अच्छी-खासी कमाई कर रहीं कामिनी ने कारोबार के लिए अपनी सरकारी नौकरी छोड़ दी। हालांकि उनका यह निर्णय काफी सही रहा। आज उनका सालाना कारोबार करीब 2 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

कामिनी जैविक मोरिंगा (सहजन) की खेती करती हैं। सब्जी बाजार में सहजन की फली काफी मिलती हैं। इन्हें ड्रमस्टिक भी कहते हैं। इसकी कई तरह से सब्जी बनाई जाती है। इडली और डोसा के साथ बनाए जाने वाली सांभर में सब्जियों के साथ इसका भी इस्तेमाल किया जाता है। कामिनी मोरिंगा के प्लांट से कई तरह के प्रोडक्ट जैसे साबुन, तेल, मच्छर भगाने का स्प्रे, चाय, मोरिंगा पाउडर आदि बनाती हैं। कामिनी का दावा है कि उनके सारे प्रोडक्ट ऑर्गेनिक हैं।

**किसानों के संपर्क में आने से बनी बात-** कामिनी लखनऊ स्थित ष्ट्ठ्स॥ में वैज्ञानिक के रूप में काम करती थीं। काम के दौरान ही उनका रुझान खेती की ओर हो गया। 7 साल नौकरी करने के बाद उन्होंने साल 2015 में मोरिंगा पर रिसर्च करने के लिए इस्तीफा दे दिया। उस दौरान किसानों से जुड़ी एक कंपनी ने उन्हें प्रोजेक्ट डायरेक्टर के पद की पेशकश की, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इस कंपनी के काम करने के दौरान उनका संपर्क कई किसानों से हुआ।




## साल 2017 में शुरू हुआ प्रोजेक्ट

कामिनी बताती हैं कि साल 2017 में उन्होंने मोरिंगा की खेती के लिए किसानों के साथ एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। मोरिंगा की खेती कामिनी ने इसलिए चुनी क्योंकि इसके लिए किसी भी केमिकल की जरूरत नहीं होती। साथ ही इसकी यह हर मौसम में उग जाता है।

उन्होंने बताया कि इस पेड़ की पत्तियां, जड़ और फल (ड्रमस्टिक) विटामिन और खनिज से भरपूर होते हैं। इसके अर्क का इस्तेमाल एंटीऑक्सीडेंट, एंटी कैंसर, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी डायबिटिक आदि चीजों में होता है। इसके बाद कामिनी ने साल 2019 में अपनी संस्था बनाई और बड़े स्तर पर काम शुरू कर दिया।

## बाद में बढ़ गया कारोबार

कामिनी ने शुरू में सिर्फ मोरिंगा पाउडर बनाया। वह इसे पास के बाजार में कैनोपी स्टॉल के जरिए पाउच पैकिंग में बेचती थीं। उस दौरान उन्हें आईआईटी में एक एग्री-बिजनेस इनक्यूबेटर के बारे में सुना। यहां से युवा कृषि कारोबारियों को कई तरह की सुविधाएं मिलती थी।

कामिनी ने वहां मोरिंगा पर एक प्रोजेक्ट के लिए आवेदन किया जिसकी उन्हें मंजूरी मिल गई। वहां से उन्हें 25 लाख रुपये का अनुदान मिला। इसका इस्तेमाल उन्होंने अपने कारोबार को बढ़ाने में किया। उन्होंने तेल निकालने और कैप्सूल भरने की मशीन खरीदी।

## संक्षिप्त समाचार

### सूरत की कंपनी ने बनाया डोनाल्ड ट्रंप के फेस वाला हीरा

#### लैब में बने इस हीरे को ट्रंप बनाने में लगे कुल 3 महीने

**नई दिल्ली , एजेंसी।** डायमंड सिटी के नाम से मशहूर गुजरात के सूरत की एक कंपनी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चेहरे के आकार का एक अनूठा हीरा तैयार किया है। लैब में हीरे बनाने वाली कंपनी ग्रीनलैब डायमंड्स ने इसे 4.7 कैरेट के डायमंड से तैयार किया है। कंपनी का कहना है कि उसे इस हीरे को तैयार करने, तराशने और पॉलिश करने में तीन महीने का समय लगा। इस हीरे को केमिकल वेपर डिपोजिशन से तैयार किया गया है। इस कंपनी ने पहले 7.5 कैरेट का हीरा बनाया था जिसे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अमेरिका दौरे में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन को गिफ्ट किया था। कंपनी के डायरेक्टर समित पटेल ने कहा कि 4.7 कैरेट का यह मास्टरपीस डायमंड अमेरिका की लीडरशिप के प्रति हमारे सम्मान और अमेरिकी बाजार के साथ हमारे गहरे संबंधों का प्रतीक है। ग्रीन लैब्स के मुख्य बिक्री अधिकारी मिराज पटेल ने कहा कि यह हीरा अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हमने अमेरिका के राष्ट्रपति के चेहरे के आकार में 4.7 कैरेट का हीरा बनाया है।

#### मोदी ने दिया था गिफ्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून 2023 में अमेरिका की यात्रा पर गए थे। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी को उपहार में 7.5 कैरेट का एक हीरा दिया था। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक यह 2023 में राष्ट्रपति के परिवार के किसी भी सदस्य को मिला सबसे महंगा तोहफा था। इसकी कीमत 20 हजार डॉलर यानी करीब 17 लाख रुपये आंकी गई है।

### आरबीआई की बड़ी कार्रवाई, इस नॉन-बैंकिंग कंपनी का रद्द किया रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) एक्स10 फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड पर बड़ी कार्रवाई की है। रिजर्व बैंक ने बताया कि उसने डिजिटल लोन परिचालन में अनियमितता के कारण एक्स10 फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है। मुंबई की यह कंपनी, वीकैश टेक्नोलॉजी, एक्सएनपी टेक्नोलॉजी, यारलुंग टेक्नोलॉजी, शिनरुई इंटरनेशनल, मैड-एलिफेंट नेटवर्क टेक्नोलॉजी और ह्यूडाटेक टेक्नोलॉजी सहित कई सर्विसेज प्रोवाइड (मोबाइल ऐप) के माध्यम से लोन प्रदान कर रही थी।

#### क्या कहा रिजर्व बैंक ने

रिजर्व बैंक ने कहा कि रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (सीओआर) रद्द कर दिया गया है क्योंकि कंपनी ने अपने डिजिटल लोन परिचालन में वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में आचार संहिता पर दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया है। कंपनी ने अपने मुख्य कार्यों जैसे क्रेडिट मूल्यांकन, ब्याज दर तय करने के साथ-साथ केवाईसी वेरिफिकेशन को सेवा प्रदाता को आउटसोर्स किया।

**2015 में जारी किया था रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट-** आपको बता दें कि एक्स10 फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को पहले अभिषेक सिक्योरिटीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था।

# मोबाइल यूजर्स को झटका! अब इन प्लान में नहीं मिलेगा इंटरनेंट, फिर भी महंगा हुआ रिचार्ज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्राई के निर्देशों के बाद टेलीकॉम कंपनियों ने बिना डेटा वाले वॉयस पैक लॉन्च करना शुरू कर दिया है लेकिन ग्राहकों को इससे कोई खास राहत नहीं मिली है। वॉयस पैक महंगे साबित हो रहे हैं क्योंकि कंपनियों ने टैरिफ में कोई कटौती नहीं की है। मौजूदा प्लान से केवल डेटा को हटा दिया गया है और ग्राहकों को डेटा सेवाओं के लिए अलग से रिचार्ज कराना होगा। ट्राई का फोकस बिना डेटा पैक को सस्ता बनाना है लेकिन फिलहाल उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। टेलीकॉम कंपनियों ने सिर्फ वॉयस पैक देने की शुरुआत से उपभोक्ता को इसका कोई फायदा नहीं मिलेगा। उदाहरण के तौर पर पहले एयरटेल का सालाना प्लान 1999 रुपए का था इसमें ग्राहकों को 24 जीबी डाटा मिलता था। अब कंपनी ने इसमें से 24 जीबी डाटा हटा दिया है और यही प्लान ग्राहकों को सिर्फ वॉयस प्लान के नाम पर ऑफर कर रही है यानी उपभोक्ता को अगर इसमें डाटा चाहिए तो उसे अतिरिक्त का रिचार्ज करना होगा। ट्राई चाहता था कि उपभोक्ताओं को बिना डाटा वाला पैक सस्ता मिले लेकिन यह कंपनियों ने ट्राई के आदेश को ठेंगा दिखा दिया है।

ट्राई के निर्देशों का अगर सही तरीके से पालन होता तो देश में करीब 15 करोड़ 2जी यूजर्स और उन उपभोक्ताओं को मदद मिल सकती थी जो दो सिम कार्ड इस्तेमाल करते हैं और जिनमें से एक को सिर्फ़ वॉयस कॉल और एसएमएस के लिए रखते हैं। मौजूदा समय में, 2जी यूजर्स को महंगे प्लान खरीदने पड़ते हैं, जिनमें ऐसे डेटा लाभ शामिल होते हैं, जिनका उनके लिए कोई इस्तेमाल नहीं होता। ध्यान देने वाली बात यह है कि इस निर्देश के दायरे में एयरटेल और वीआई ही आते हैं जो 2जी नेटवर्क ऑफ़र करते हैं। जबकि छ्वद्बश्व सिर्फ़ 4जी और 5जी नेटवर्क ऑफ़र करता है। ट्राई चाहता था कि उपभोक्ताओं को बिना डाटा वाला पैक सस्ता मिले लेकिन इन कंपनियों ने ट्राई के आदेश को ठेंगा दिखा दिया है।

# टीसीएस दुनिया की दूसरी सबसे मूल्यवान आईटी कंपनी बनी

## इसका ब्रांड वैल्यूएशन 21 बिलियन डॉलर के भी पार चला गया है

### बीते 15 वर्षों के दौरान इसके वैल्यूएशन में 826 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की तरफ से बड़ी खबर आई है। इस कंपनी का ब्रांड वैल्यूएशन 21.3 बिलियन डॉलर का हो गया है। इसी के साथ यह दूसरा बड़ा वैश्विक आईटी सर्विस ब्रांड बन गया है।

कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पिछले 15 वर्षों में इसके ब्रांड वैल्यूएशन में 826 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साल 2010 में टीसीएस का वैल्यूएशन 2.3 बिलियन डॉलर का था। कंपनी का कहना है कि इस डेवलपमेंट के लिए इनोवेशन, ग्राहक संतुष्टि और स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग पहलों में निरंतर निवेश ने प्रमुख भूमिका निभाई। तभी तो टीसीएस का ब्रांड वैल्यू इस स्तर तक पहुंच पाया है।

**20 बिलियन डॉलर को पार करने वाली दूसरी कंपनी-** ब्रांड फाइनेंस के सीईओ और चेयरमैन डेविड हैग ने कहा, ब्रांड फाइनेंस में, हम लगभग दो दशकों से टीसीएस पर नज़र रख रहे हैं और मैं लगातार इस बात से प्रभावित हूं कि कंपनी किस तरह अपने व्यवसाय में इनोवेशन करती रहती है और अपने ब्रांड को वैश्विक मंच पर पेश करती रहती है। उनके निरंतर प्रयासों ने उन्हें एक मील का पत्थर वर्ष तक पहुंचाया है जहां




वे ब्रांड मूल्य में 20 बिलियन के ऐतिहासिक निशान को पार करने वाली उद्योग की दूसरी कंपनी बन गई हैं।

**ब्रांड वैल्यू नौ गुना बढ़ा-** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अभिनव कुमार ने कहा, जैसा कि हम 2025 में दावोस में विश्व आर्थिक मंच के साथ एक नए साल की शुरुआत कर रहे हैं, हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि हमारा ब्रांड इस प्रमुख मील के पत्थर को पार कर गया है और हमारे उद्योग के शीर्ष स्तर पर अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है। हम 15 वर्षों से रणनीतिक भागीदार रहे हैं और इस अवधि में हमारे ब्रांड का मूल्य लगभग नौ गुना बढ़ गया है और यह नवाचार में अग्रणी होने, दुनिया में सबसे जटिल प्रौद्योगिकी कार्य करने की क्षमता और अपने ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी बनाने के लिए विश्व स्तर पर जाना जाता है। मैं टीसीएस के उन लाखों लोगों को धन्यवाद देता हूँ जो हर सेकंड इस महान ब्रांड का निर्माण करते हैं और इसे जीते हैं। हम सभी लंबे समय तक इसमें बने रहेंगे।

न्यूयॉर्क, लंदन, बोस्टन, शिकागो जैसे शहर शामिल हैं। इनमें अब सिडनी का नाम भी जुड़ गया है। इसमें हर साल 600,000 से अधिक धावक शामिल होते हैं और साथ ही फ्यूचर एथलीट प्रोजेक्ट जैसी पहल भी करते हैं।

## महंगा हुआ सोना-चांदी, एमसीएक्स पर 10 ग्राम त्रश्चद्यस्र की कीमत 79,400 के पार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 22 जनवरी को बढ़त देखने को मिल रही है। खबर लिखे जाने के समय मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 10 ग्राम सोने का वायदा भाव 0.34 फीसदी बढ़कर 79,497 रुपए पर पहुंच गया। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 92,450 रुपए प्रति किलो हो गई। इसमें 0.39 फीसदी की तेजी आई है। मंगलवार को इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 108 रुपए बढ़कर 79,453 रुपए पर पहुंच गया था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 333 रुपए बढ़कर होकर 90,533 रुपए प्रति किलो थी।

# टाटा पावर ईज़ी चार्ज ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने व्यापक ईवी चार्जिंग समाधान प्रदर्शित किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में ईवी चार्जिंग समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी टाटा पावर ईज़ी चार्ज ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने विशाल इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क और विभिन्न ग्राहक सेगमेंट में अपनी




विभिन्न उत्पाद सेवाओं-सुविधाओं का प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया।

भारत में ज़्यादा से ज़्यादा लोग ईवी को बहुत ही आसानी से अपना सकें इसके लिए तकनीकी नवाचार, हरित ऊर्जा एकीकरण और रणनीतिक नेटवर्क विस्तार के बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ प्रयास करने के लिए टाटा पावर ईज़ी चार्ज प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में, उन्होंने अपनी इस अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। कंपनी के ईवी चार्जिंग समाधान शहरों में कई प्रमुख स्थानों, आवासीय सोसाइटियों, राजमार्गों, वाणिज्यिक केंद्रों और भी कई स्थानों पर उपलब्ध कराए गए हैं। विशाल चार्जिंग नेटवर्क ईवी यूज़र्स की रेंज की चिंता को दूर करता है।

पैसेंजर कार, बसें, ट्रकों, फ्लीट और कई अलग-अलग सेगमेंट के लिए उपयुक्त उत्पाद सेवा-सुविधाएं कंपनी ने यहां प्रदर्शित की हैं।

इस कार्यक्रम में मुख्य फोकस में है कंपनी का ईज़ी चार्ज मोबाइल ऐप, जिसमें यूज़र्स को रियल टाइम अपडेट मिलते हैं, वे चार्जर को लोकेट कर सकते हैं, उपलब्धता जांच सकते हैं और चार्जिंग सेशन को बहुत ही आसानी से मैनेज कर सकते हैं। यूज़र्स को सशक्त बनाने वाला यह ऐप ईवी मालिकों के लिए रेंज की चिंता को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

टाटा पावर के विशाल ईवी चार्जिंग नेटवर्क में अब 550 शहरों और कस्बों में 5,500 से ज़्यादा सार्वजनिक चार्जर हैं, साथ ही 120,000 से ज़्यादा होम चार्जर और 1,100 बस चार्जिंग पॉइंट भी हैं। भारत के 550 से ज़्यादा राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख महानगरों, व्यावसायिक केंद्रों, पर्यटन और धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर, प्रमुख स्थानों पर अपनी बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराकर यह कंपनी ईवी मालिकों के लिए लंबी दूरी की निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करती है।

सड़क यात्रियों अक्सर द्वारा उपयोग किए जाने वाले, दिल्ली-चंडीगढ़, बेंगलुरु-चेन्नई, कोलकाता-भुवनेश्वर, मुंबई-गोवा, गुवाहाटी-शिलांग जैसे राजमार्गों पर कंपनी ने अपनी सेवाएं मुहैया की हैं।

# भारत में पहली बार 'मेड इन इंडिया' पहली बीएमडब्ल्यू एक्स1 लाँग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक की पेशकश




**मुंबई, एजेंसी।** बीएमडब्ल्यू इंडिया ने ऑटो एक्सपो 2025 में पहली बीएमडब्ल्यू एक्स1 लाँग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक लॉन्च की है। बीएमडब्ल्यू एक्स1 लाँग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू द्वारा निर्मित पहली इलेक्ट्रिक वाहन बन गई है जो 'मेड इन इंडिया' है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से निर्मित बीएमडब्ल्यू एक्स1लाँग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक विशेष रूप से ड्राइव 20 एल ड्राइवट्रेन में उपलब्ध है।

विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और सीईओ, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, आज, बीएमडब्ल्यू इंडिया ने पहली बीएमडब्ल्यू एक्स1लाँग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक के साथ भारतीय प्रीमियम ऑटोमोटिव सेगमेंट में हलचल मचा दी है। यह बड़ी है, यह एसयूवी है, यह ईवी है और यह बीएमडब्ल्यू है। बीएमडब्ल्यू एक्स1लाँग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक हर दिन आपके मनचाहे तरीके से छा जाने के लिए तैयार है। एक ही पैकेज में व्यावहारिकता और सस्टेनेबिलिटी मुहैया करने वाली यह शानदार पेशकश आपकी पहली बीएमडब्ल्यू के रूप में स्पष्ट पसंद होगी। पहली बीएमडब्ल्यू एक्स1लाँग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक जगह, आराम और बहुआयामी होने के मामले में सबसे आगे है और रोजमर्रा की जरूरतों के साथ, यह नए भारत की बढ़ती आकांक्षाओं के लिए एकदम सही जवाब है।

बीएमडब्ल्यू की पहली 'मेड इन इंडिया' ईवी, एक्स1लाँग व्हीलबेस नवाचार और उत्कृष्टता के एक नए युग की शुरुआत है। पावाह ने आगे कहा कि, 'पहली एक्स1लाँग व्हीलबेस जीवन में आगे रहने और समझौता नहीं करने वाले आधुनिक जीवनशैली वाले लोगों के लिए उपयुक्त है। एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के लिए बीएमडब्ल्यू इंडिया बढ़िया वित्तीय समाधान के साथ ही एक व्यापक ईवी परितंत्र भी स्थापित कर रहा है जिसमे डेस्टिनेशन चार्जिंग, स्मार्ट ई- रूटिंग, चार्जिंग कॉनसियर्ज जैसी कई सुविधाएं शामिल हैं।



## आईपीएल 2025 से पहले एबी डिविलियर्स ने दिया वापसी का हिंट, आरसीबी का भी किया जिक्र

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने क्रिकेट में वापसी को लेकर बड़ा हिंट दिया. आईपीएल 2025 से पहले डिविलियर्स की तरफ से यह हिंट आया. वापसी को लेकर बात करते हुए डिविलियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लेकर भी बात की. एबी ने यह भी बताया कि किस कारण वह क्रिकेट में वापसी का फैसला कर सकते हैं. रनिंग बिटवीन द विकेट्स शो पर बात करते हुए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज ने वापसी का हिंट दिया. हालांकि डिविलियर्स ने ये भी साफ कर दिया कि वह प्रोफेशनल क्रिकेट नहीं खेलेंगे. इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि वह आईपीएल में भी वापसी नहीं करेंगे. डिविलियर्स ने कहा, मैं अभी भी एक दिन फिर से क्रिकेट खेल सकता हूं. हालांकि कोई कंफर्म नहीं है. लेकिन मुझे ऐसा लगने लगा है कि मेरे बच्चे मुझ पर प्रेशर डाल रहे हैं और मुझे लगता कि मैं उनके साथ नेट्स पर जा सकता हूं. मेरा बेटा मुझे बॉलिंग मशीन से खिला सकता है. अगर मुझे मजा आता है, तो शायद मैं कहीं जाकर फिर से कैजुअल क्रिकेट खेल सकता हूं. प्रोफेशनल आईपीएल या अफ्रीका टूर नहीं. आगे अपनी आंख लेकर बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा, मैं दोबारा कोशिश करूंगा और देखूंगा कि क्या यह आंख अभी भी काम कर रही है.

## 10 रन भी इस टीम की किसी बल्लेबाज से नहीं बने, न्यूजीलैंड ने हासिल की तूफानी जीत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक और मैच. एक और छोटा स्कोर. और, वो इसलिए क्योंकि एक भी बल्लेबाज 10 रन भी बनाने में नाकाम रही. यानी वो दहाई के आंकड़े को छूने से पहले ही आउट होकर डगआउट लौट गई. हम बात कर रहे हैं ढ्ढष्टष्ट अंडर 19 महिला टी-20 वर्ल्ड कप में खेले न्यूजीलैंड बनाम समोआ के बीच मुकाबले की. इस मैच में न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी था. और, उम्मीद के मुताबिक मुकाबले का नतीजा भी वैसा ही रहा. यानी पिछले मैच में जैसे नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड को हराकर उलटफेर किया था, वैसा कुछ यहां देखने को नहीं मिला. न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट के इतिहास में रनों के हिसाब से अपनी सबसे बड़ी तो नहीं मगर तूफानी जीत जरूर दर्ज की.17-17 ओवर के मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 9 विकेट खोकर 107 रन बनाए. न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा 48 रन इव वोलांड ने मारे. समोआ के सामने जीत के लिए लक्ष्य बिल्कुल क्लियर था. उसे 17 ओवर में 108 रन बनाने थे. लेकिन, इस लक्ष्य का पीछा करते हुए समोआ की टीम ऐसे लड़खड़ाई कि एक और छोटा स्कोर रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया.समोआ की टीम की हालत शुरू से ही पतली दिखी. रेग्यूलर इंटरवल पर उसके विकेट गिरते रहे. सबसे खास चीज ये दिखी कि उसके किसी बल्लेबाज ने दहाई का आंकड़ा नहीं छुआ. मतलब टीम के सारे के सारे बल्लेबाज 10 रन की दहलीज को लांघने से पहले ही सिमट गए.

# स्वीयाटेक ने नवारो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया



**मेलबर्न, एजेंसी।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक बुधवार को 2022 यूएस ओपन जीतने के बाद से रौलां गैरो के बाहर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गईं। पांच बार की प्रमुख चैंपियन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में 89 मिनट में नंबर 8 एम्मा नवारो को 6-1, 6-2 से आसानी से हराया। स्वीयाटेक ने 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेला, जहां वह डेनियल कोलिन्स से हार गईं। स्वीयाटेक ने रैली को नियंत्रित करने और नवारो को कोर्ट के चारों ओर घुमाने के लिए अपने आक्रामक खेल का उपयोग किया। पहला सेट केवल 35 मिनट में जीतने के बाद, स्वीयाटेक को दूसरे सेट की शुरुआत में अधिक लगातार दबाव का सामना करना पड़ा। नवारो, जो लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने मैच का पहला ब्रेक प्वाइंट अर्जित किया, जबकि स्वीयाटेक 2-2 पर सर्विस कर रही थीं। हालांकि, स्वीयाटेक ने उस अवसर को मिटा दिया और अगले गेम में वापसी की।कुल मिलाकर, नवारो दूसरे सेट में स्वीयाटेक को उनके तीन सर्विस गेम में ड्यूस करने में सक्षम थीं, लेकिन पूर्व विश्व नंबर 1 ने दृढ़ निश्चय किया और अपनी सर्विस पर एक भी अंक गंवाए बिना मैच पूरा किया।

फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी नंबर 14 मैडिसन कीज़ से होगा, जिन्होंने मेलबर्न में यूक्रेन की नंबर 28 सीड एलिना स्वितोलिना पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत के साथ अपने सातवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल और अपने तीसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार कीज़ ने 2025 की अपनी शानदार शुरुआत के दौरान अब लगातार दस मैच जीते हैं, उन्होंने पिछले सप्ताह एडिलेड में अपना नौवां करियर खिताब जीता था। कुल मिलाकर, वह इस सीजन में 12-1 से आगे हैं और उनकी एकमात्र हार ऑकलैंड में अंतिम चैंपियन क्लारा टॉसन से हुई थी।सिंगल्स सेमीफाइनल गुरुवार शाम को मेलबर्न पार्क में खेले जाएंगे। स्वीयाटेक और कीज़ का मुकाबला विश्व की नंबर 1 आर्यना सबालेंका और नंबर 12 पाउला बडोसा के बीच पहले सेमीफाइनल के बाद होगा। अगर सबालेंका और स्वीयाटेक शनिवार के फाइनल में पहुंचती हैं, तो यह मुकाबला तय करेगा कि मेलबर्न पार्क से वर्ल्ड नंबर 1 के रूप में कौन निकलता है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में आपको रोहित शर्मा और विराट कोहली की जरूरत है:मोहम्मद कैफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने दिग्गज भारतीय बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए उन्हें महान व्हाइट-बॉल क्रिकेटर कहा। कैफ अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में यह भी उल्लेख किया कि आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया को रोहित और विराट की आवश्यकता होगी। कोहली ने 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे प्रारूप में पदार्पण किया था। उसके बाद उन्होंने 50 ओवर के 295 मैचों में 93.54 की स्ट्राइक रेट से 13906 रन बनाए हैं। उनका औसत भी 58.18 है। इस बीच रोहित ने अपना पहला वनडे मैच 2007 में आयरलैंड के खिलाफ खेला था। 265 वनडे में कप्तान ने 92.43 की स्ट्राइक रेट और 49.16 की औसत से 10866 रन बनाए हैं। कैफ ने कहा कि रोहित और विराट दोनों ही लंबे समय तक नहीं खेलेंगे क्योंकि वे 30 के दशक के अंत में हैं। उन्होंने कहा कि दो अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान मेन इन ब्लू टीम में बहुत योगदान देंगे। उन्होंने कहा, आपको रोहित शर्मा और विराट कोहली की जरूरत है। रोहित 37 साल के हैं और कोहली 36 साल के हैं। वे लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं। उनके लिए प्रार्थना करें, उनका समर्थन करें। वे दो बेहतरीन सफेद गेंद के खिलाड़ी हैं। वे लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं। मुझे विश्वास है कि वे अच्छा खेलेंगे। वे आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में बहुत योगदान देंगे। अगर वे अच्छा खेलते हैं, तो आप दुबई में मैच जीतेंगे। रोहित शर्मा तेज शुरुआत देते हैं। विराट कोहली उस शुरुआत का फायदा उठाते हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी। इसकी मेजबानी पाकिस्तान और यूएई करेंगे, जिसमें भारत हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने मैच यूएई में खेलेगा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे। दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। भारत का आखिरी लीग मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा।



चैंपियंस ट्रॉफी

## पाकिस्तान नाम वाली जर्सी पहनने के खिलाफ बीसीसीआई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कथित तौर पर आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम की जर्सी और कप्तान की प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित शर्मा की भागीदारी के बारे में कड़ा रुख अपनाया है। बीसीसीआई द्वारा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पर अपने खेलों को पाकिस्तान से हटाकर यूएई में स्थानांतरित करने के लिए दबाव डालने के बाद चिंता का एक नया विषय सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई नहीं चाहता है कि टीम इंडिया के खिलाड़ी मेजबान के रूप में पाकिस्तान के नाम वाली जर्सी पहनें। पीसीबी अब दो प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच चल रही तनातनी के बीच इस समाधान को हल करने में आईसीसी की मदद की उम्मीद कर रहा है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि बीसीसीआई भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पारंपरिक कप्तान की प्रेस कॉन्फ्रेंस और फोटो शूट के लिए पाकिस्तान नहीं भेजेगा। इसके बजाय भारतीय क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि दोनों आयोजन यूएई में स्थानांतरित कर दिए जाएं।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, आईसीसी ने पहले ही भारत के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है कि वह अपने सीटी मैच पाकिस्तान में न खेले, इसलिए ये मामूली मुद्दे हैं। पीसीबी इस स्थिति से परेशान है और आईसीसी से समाधान की उम्मीद करेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने कथित तौर पर सुझाव दिया है कि बीसीसीआई भी खेल में राजनीति ला रहा है। सूत्र ने कहा, बीसीसीआई क्रिकेट में राजनीति ला रहा है, जो खेल के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया। वे उद्घाटन समारोह के लिए अपने कप्तान को (पाकिस्तान) नहीं भेजना चाहते हैं; अब ऐसी खबरें हैं कि वे मेजबान देश (पाकिस्तान) का नाम अपनी जर्सी पर नहीं छपवाना चाहते हैं। हमें विश्वास है कि विश्व शासी निकाय (आईसीसी) ऐसा नहीं होने देगा और पाकिस्तान का समर्थन करेगा।

# पाकिस्तान का टीम मैनेजमेंट कर रहा बाबर आजम का नुकसान? दिग्गज खिलाड़ी ने लगाया गंभीर आरोप

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट मैच 25 जनवरी से खेला जाएगा। पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच में 127 रन से जीत हासिल की थी। टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर है। टीम के लिए अगला लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी है। इस टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी ने टीम मैनेजमेंट पर बाबर आजम का नुकसान करने का आरोप लगाया है। बाबर आजम ने पहली पारी में 8 और दूसरी पारी में 5 रन बनाए। वह मुल्तान की पिच पर रन नहीं बना पाए। बासित अली ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि दूसरे टेस्ट में बाबर को आराम दिया जाना चाहिए ताकि उनका रिदम खराब न हो। उन्होंने कहा, 'आप उसके आत्मविश्वास को बर्बाद कर रहे हैं जबकि उसने अभी-अभी अपनी लय हासिल की है। अगर वे खेलेंगे तो क्या होगा? क्या ड्ड्रञ्जष्ट फाइनल में खेलेगा पाकिस्तान? नहीं, उसे आराम करना चाहिए। यदि आप उसे खिलाना चाहते हैं, तो अच्छी पिचें तैयार करें।' उन्होंने आगे कहा, 'बाबर और मोहम्मद रिज़वान को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आराम दिया जाना चाहिए। अगर दूसरे टेस्ट की पिच पहले टेस्ट की तरह होगी, तो उनका आत्मविश्वास गिर



जाएगा। बाबर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के बाद अपनी लय हासिल की। वनडे और टेस्ट में रन बनाए।'पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को मुल्तान में हुए पहले टेस्ट मैच में 127 रन से मात देकर सीरीज की शुरुआत की। पाकिस्तान अब 1-0 से आगे हैं। बाबर के फ्लॉप रहने के बावजूद साजिद खान प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उनके सामने विंडीज बल्लेबाजों की बिलकुल भी नहीं चली। इस मुकाबले में साजिद ने 9 विकेट लिए। पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। पहली पारी में नोमान अली ने पांच विकेट लिए।

# लिवरपूल चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में, 18 मिनट में तीन गोल दागे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लिवरपूल ने अपने घरेलू मैदान पर लिली को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की, जबकि बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक रोमांचक मैच में बेनफिका को 5-4 से हराया। बार्सिलोना ने 18 मिनट के अंदर तीन गोल दागकर जीत हासिल की।

लिवरपूल की सातवें मैच में सातवीं जीत

हार्वे इलियट ने विजयी गोल करके लिवरपूल को सात मैचों में सातवीं जीत दिलाई। इससे पहले मोहम्मद सलाह ने लिवरपूल की तरफ से 34वें मिनट में पहला गोल किया था लेकिन लिली कनाडा के



स्ट्राइकर जोनाथन डेविड के 62वें मिनट में किए गए गोल के दम पर बराबरी करने में सफल रहा था। लिली को अंतिम आधे घंटे का खेल 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिवरपूल को अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए इस मैच में केवल एक अंक हासिल करने की जरूरत थी लेकिन उसकी टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए शानदार तरीके से अगले चरण में प्रवेश किया।

बार्सिलोना ने की जबरदस्त वापसी

बर्सिलोना की टीम 75वें मिनट तक 2-4 से पिछड़ रही थी। इसके बाद स्पैनिश जाएंट्स ने आखिरी 18 मिनट में शानदार वापसी करके जीत हासिल की। उसकी तरफ से रफिन्हा ने इंजरी टाइम में विजयी गोल किया। इससे बार्सिलोना के सात मैच में 18 अंक हो गए हैं और वह लिवरपूल के बाद दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के 21 अंक हैं। बेनफिका के वेंजेलिस पावलिडिस ने चैंपियंस लीग में तीसरी सबसे तेज हैट्रिक बनाई। उन्होंने दो गोल बार्सिलोना के गोलकीपर वोज्शिएक स्जेसनी की गलतियों का फायदा उठाकर किए।

रॉबर्ट लेवानदॉस्की ने बार्सिलोना के लिए पेनल्टी पर दो गोल किए। वह नौ गोल के साथ चैंपियंस लीग के शीर्ष स्कोरर बने हुए हैं। रफिन्हा ने भी दो गोल किए। स्पेन के एक अन्य क्लब एटलेटिको मैड्रिड ने जूलियन अल्वारेज के 90वें मिनट में किए गए विजयी गोल के दम पर बायर लीवरकुसेन को 2-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड इस जीत से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

एक अन्य मैच में मोनाको ने एस्टन विला को 1-0 से हराया। इससे विला की अंतिम 16 में सीधे प्रवेश करने की उम्मीदों को झटका लगा है। अन्य मैचों में बोलोग्ना ने बोरूसिया डॉर्टमुंड को 2-1 से, अटलांटा ने ग्राज़ को 5-0 से और पीएसवी आइंडहोवन ने रेड स्टार को 3-2 से हराया। स्टटगार्ट ने स्लोवान ब्रातिस्लावा पर 3-1 से आसान जीत दर्ज की। क्लब ब्रुगे और युवेंटस का मैच 0-0 से ड्रा रहा।

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# रंगला पंजाब, सेहतमंद पंजाब










- सरकारी अस्पतालों में किफायती दरों पर **एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सुविधाएँ**
- **स्टेमी और स्ट्रोक केयर प्रोजेक्ट** के तहत दिल के दौरे और इस्केमिक स्ट्रोक के लिए मुफ़्त इलाज
- **32,800 नि:शुल्क डायलिसिस सेशन्स** में 4,831 किडनी मरीजों को राहत मिली
- सी.एम. दी योगशाला, अब तक **1 लाख लोगों** ने योग का लाभ उठाया
- **881** आम आदमी क्लिनिक
- **80+** दवाइयाँ और **38+** टेस्ट नि:शुल्क

“ पंजाब सरकार हर नागरिक को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। हमारा लक्ष्य है कि हर व्यक्ति को मुफ़्त और उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। ”

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



**मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें**

यहां स्कैन करें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब